संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार मान लेना विकल्प नहीं होना चाहिए।




07 अप्रैल : विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना का ऐतिहासिक दिन

पूर्णिया, मंगलवार 7 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 360

# कांग्रेस विकास विरोधी, पार्टी नेतृत्व जमीन लूट में शामिल : पीएम

## चाय बागान की महिलाओं की संस्कृति को बदनाम करने का आरोप कांग्रेस पर लगाया

**डिब्रूगढ़,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम के डिब्रूगढ़ में आयोजित एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस को विकास विरोधी बताते हुए उसके शीर्ष नेतृत्व पर गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। मोदी ने कहा कि कांग्रेस की राजनीति केवल वोट बैंक पर आधारित है और यही कारण है कि वह विकास कार्यों में बाधा डालती रही है।

**विकास के मुद्दे पर कांग्रेस घिरी** प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सड़कों, रेलवे और उद्योगों के लिए जमीन दिए जाने का विरोध कर रही है। उन्होंने इसे राज्य के विकास के खिलाफ बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार असम में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। मोदी ने कहा कि यदि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में विकास के लिए जमीन उपलब्ध कराई होती, तो आज राज्य को पिछड़ेपन का सामना नहीं करना पड़ता।



**संस्कृति और महिलाओं को लेकर टिप्पणी :** प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर चाय बागान की महिलाओं की संस्कृति को बदनाम करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कुछ लोग एआई तकनीक का इस्तेमाल कर झूठी तस्वीरें बनाकर समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने इसे असम की सांस्कृतिक पहचान पर हमला बताया और कहा कि भाजपा सरकार स्थानीय परंपराओं और संस्कृति की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

**घुसपैठ और जमीन विवाद पर आरोप:** मोदी ने कांग्रेस पर घुसपैठियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जमीन विवाद का मुद्दा उठाकर अवैध कब्जाधारियों को बचाने की कोशिश कर रही है। प्रधानमंत्री के अनुसार, वर्तमान सरकार ने लाखों बीघा जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त कराया है। उन्होंने काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां की जमीन भी पहले गलत तरीके से घुसपैठियों को दे दी गई थी।

**नेशनल हेराल्ड मामला और भ्रष्टाचार:** मोदी ने नेशनल हेराल्ड घोटाला का जिक्र करते हुए गांधी परिवार पर बड़े शहरों में जमीन हड़पने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का तथाकथित "प्रथम परिवार" देश का सबसे भ्रष्ट परिवार माना जाता है और इस मामले में अदालतों में मुकदमे लंबित हैं।

**भाजपा की विकास नीति पर जोर :** प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर काम करना है। उन्होंने दावा किया कि असम में बुनियादी ढांचे, रोजगार और निवेश के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है। मोदी ने जनता से अपील की कि वे विकास की इस गति को बनाए रखने के लिए भाजपा का समर्थन करें।

## म्यांमार में राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण में शामिल होंगे मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह

**नई दिल्ली,** (हि.स.) विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह म्यांमार के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। सेना की ओर से तख्तापलट के बाद हुए चुनावों में सेना समर्थित पार्टी यूएसडीपी ने जीत दर्ज की। इसके बाद 3 अप्रैल को संसद में हुए मतदान में 'मिन आंग ह्लाइंग' राष्ट्रपति निर्वाचित हुए।

विदेश मंत्रालय के अनुसार म्यांमार सरकार के निमंत्रण पर राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 8 से 11 अप्रैल तक म्यांमार की यात्रा पर रहेंगे। वे 10 अप्रैल को नेप्यीताव में म्यांमार के नए राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे।




मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान सिंह नेप्यीताव में म्यांमार सरकार के संबंधित व्यक्तियों से मुलाकात करेंगे। साथ ही चल रही व्यापार, आर्थिक और विकासात्मक सहायता पहलों से संबंधित द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेंगे और यांगून में भारतीय प्रवासी समुदाय और भारत के मित्रों के साथ बातचीत करेंगे।

## भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में 6.05 गीगावाट की नई पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ी

**नई दिल्ली,** (हि.स.) । भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में पवन ऊर्जा क्षेत्र में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज करते हुए 6.05 गीगावाट नई क्षमता जोड़ी है। इससे कुल स्थापित पवन ऊर्जा क्षमता 56 गीगावाट से अधिक हो गई है, जो 2016-17 के 5.5 गीगावाट के पिछले रिकॉर्ड से अधिक है।

नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार यह वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में करीब 46 प्रतिशत अधिक है। गुजरात, राजस्थान और कर्नाटक में




स्थापित परियोजनाओं ने इसमें अहम योगदान दिया है।मंत्रालय का कहना है कि यह उपलब्धि 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के लक्ष्य को हासिल करने में सहायक होगी और देश के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को और मजबूत बनाएगी।

## रेलवे का बड़ा सेफ्टी अपग्रेड : 1,364 करोड़ रुपये से कवच, सिग्नलिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम होगा मजबूत

**नई दिल्ली,** (हि.स.) रेल मंत्रालय ने सुरक्षा और आधुनिकीकरण को बढ़ावा देने के लिए 1,364.45 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनका उद्देश्य ट्रेनों की सुरक्षा बढ़ाना, सिग्नलिंग सिस्टम को आधुनिक बनाना और संचार नेटवर्क को मजबूत करना है।

**कवच प्रणाली का विस्तार** सबसे अहम परियोजना 'कवच' तकनीक के विस्तार की है। दक्षिण रेलवे के 232 लोकोमोटिव में कवच वर्जन 4.0 लगाया जाएगा, जिस पर 208.81 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह प्रणाली ट्रेन टक्कर को रोकने में कारगर मानी जाती है।

**01 :** उद्देश्यः रेल सुरक्षा, सिग्नलिंग और कम्युनिकेशन सिस्टम को मजबूत करना

**02 :** 'कवच' प्रणाली का विस्तार, 232 लोकोमोटिव में वर्जन 4.0 स्थापित होगा




**उत्तर मध्य रेलवे में विस्तार** उत्तर मध्य रेलवे के 2,196 रूट किलोमीटर पर 2×48 फाइबर ओएफसी नेटवर्क बिछाने के लिए 176.76 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं, जिससे व्यस्त रेल मार्गों पर संचार और अधिक सुदृढ़ होगा।

**इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बढ़ेगी दक्षता:** दक्षिण मध्य रेलवे के 49 स्टेशनों पर पैनल इंटरलॉकिंग को इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदला जाएगा। इस पर 578.02 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इससे मैनुअल हस्तक्षेप कम होगा और ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित व कुशल बनेगा।

**ओएफसी नेटवर्क होगा मजबूत**

उत्तर रेलवे में 3,200 रूट किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में ऑप्टिकल फाइबर कम्युनिकेशन नेटवर्क के उन्नयन के लिए 400.86 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। इससे सिग्नलिंग सिस्टम की विश्वसनीयता और डेटा संचार क्षमता बढ़ेगी।

## दिल्ली विधानसभा का बैरियर तोड़कर घुसी कार, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** (हि.स.) ।दिल्ली विधानसभा परिसर में सोमवार दोपहर एक कार गेट नंबर-2 का बैरियर तोड़कर अंदर घुस गई, जिससे अफरा-तफरी मच गई। घटना करीब 2:10 बजे हुई। कार सवार व्यक्ति गुलदस्ता लेकर विधानसभा अध्यक्ष की गाड़ी तक पहुंचा और कुछ मिनट बाद फरार हो गया। राहत की बात रही कि कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिली।

दिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपित सरबजीत समेत तीन लोगों को गिरफ्तार कर



लिया। कार भी बरामद कर ली गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित ने पहले परिसर की रेकी की थी।

घटना के बाद अमित शाह ने अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता से बात कर जानकारी ली। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

## देश में रसोई गैस का पर्याप्त भंडार, घबराकर अनावश्यक भंडारण न करें: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली,** (हि.स.)

- ऑनलाइन बुकिंग 97% तक पहुंची, ओटीपी से डिलीवरी व्यवस्था लागू

------------------

केंद्र सरकार ने एलपीजी और ईंधन की आपूर्ति को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों को खारिज करते हुए लोगों से अपील की है कि वे घबराकर अनावश्यक भंडारण न करें। सरकार ने स्पष्ट किया कि देश में गैस और ईंधन का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।

**पर्याप्त स्टॉक और बढ़ती आपूर्तिः** पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन लगभग 50 लाख एलपीजी सिलेंडर बेचे जा रहे हैं। पिछले 14 दिनों में 6.75 लाख से अधिक छोटे सिलेंडर वितरित किए गए हैं।




**छोटे सिलेंडर की बिक्री में तेजी :** सरकार ने 5 किलो वाले छोटे सिलेंडरों की बिक्री बढ़ा दी है। उपभोक्ता केवल वैध पहचान पत्र के आधार पर इन्हें खरीद सकते हैं। 4 अप्रैल को इनकी बिक्री 90 हजार के पार पहुंच गई।

**आपूर्ति बनाए रखने के उपाय** पश्चिम एशिया के हालात से आयात प्रभावित होने के बावजूद सरकार ने अतिरिक्त कार्गो की व्यवस्था की है। पिछले पांच सप्ताह में 18 करोड़ घरों तक सिलेंडर पहुंचाए गए हैं।

**कालाबाजारी पर सख्ती**

सरकार ने जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ अभियान तेज किया है। 1 लाख से अधिक छापेमारी में 52 हजार सिलेंडर जब्त किए गए, 220 लोगों की गिरफ्तारी हुई और कई विक्रेताओं पर कार्रवाई की गई।

## इंदिरा गांधी ने कहा था असम 'शांति का द्वीप' : मल्लिकार्जुन खड़गे

**कछार (असम),** (हि.स.)

- सिलचर फ्लाईओवर और तारापुर एलिवेटेड कॉरिडोर के अधूरे कार्य पर उठाए सवाल

--------------------

। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को सिलचर के बरखोला में आयोजित चुनावी जनसभा में कांग्रेस प्रत्याशी अभिजीत पाल के समर्थन में प्रचार किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने कभी असम को



"शांति का द्वीप" बताया था।

**बराक घाटी की अनदेखी का आरोप:** खड़गे ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में बराक घाटी की उपेक्षा हुई है, जिससे क्षेत्र विकास में पिछड़ गया है।

**अधूरी परियोजनाओं पर सवाल:** उन्होंने सिलचर फ्लाईओवर और तारापुर एलिवेटेड कॉरिडोर के अधूरे कार्यों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

**बाढ़ समस्या पर सरकार घिरी** खड़गे ने हर साल आने वाली बाढ़ का मुद्दा उठाते हुए स्थायी समाधान की मांग की और मतदाताओं से बदलाव के लिए कांग्रेस को समर्थन देने की अपील की।

## पश्चिम एशिया संकट से निपटने के लिए भारत के पास राजकोषीय गुंजाइश : सीतारमण

**नई दिल्ली,** (हि.स.) केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद भारत के पास प्रभावित क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त राजकोषीय गुंजाइश है। उन्होंने विश्वास जताया कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए रिजर्व बैंक के पास भी नीतिगत विकल्प उपलब्ध हैं।

राष्ट्रीय लोक वित्त व नीति संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है और ऋण-जीडीपी अनुपात लगभग 81 प्रतिशत पर नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि राजकोषीय घाटा घटाकर 4.4 प्रतिशत किया गया है और इसे आगे और कम करने का लक्ष्य है। सीतारमण ने कहा कि वैश्विक अस्थिरता और ऊर्जा संकट के बावजूद भारत तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। उन्होंने जोर दिया कि वित्तीय अनुशासन, संरचनात्मक सुधार और मजबूत राजस्व व्यवस्था से ही "विकसित भारत 2047" का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

## पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने बंगाल पर हमले की धमकी दी, केंद्र सरकार चुप है : ममता बनर्जी

**कोलकाता,** (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नदिया में आयोजित चुनावी जनसभा में केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कथित बयान का जिक्र करते हुए कहा कि कोलकाता को निशाना बनाने जैसी बात बेहद गंभीर है। उन्होंने सवाल उठाया कि इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोई कड़ी प्रतिक्रिया क्यों नहीं दी।

**मतगणना को लेकर कार्यकर्ताओं को संदेश :** मुख्यमंत्री ने आगामी 4 मई को होने वाली मतगणना को



लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शुरुआत में विपक्ष बढ़त दिखाने की कोशिश करेगा, लेकिन अंतिम परिणाम तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मतगणना पूरी होने तक मैदान में डटे रहने का आह्वान किया।

**चुनाव आयोग पर पक्षपात का आरोप :** ममता बनर्जी ने चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ नजदीकी का आरोप लगाया। उन्होंने नंदीग्राम दौरे का उल्लेख करते हुए अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े किए। साथ ही, नदिया में बीएलओ की मौत और मोथाबाड़ी घटना का जिक्र कर निष्पक्ष जांच की मांग की। जनसभा के अंत में वह स्थानीय महिलाओं के साथ अपने लिखे गीत पर नृत्य करती नजर आईं।

## पुडुचेरी चुनाव : राहुल गांधी ने महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा और युवाओं को 2000 रुपये का किया वादा

**पुडुचेरी,** (हि.स.)।

- 6 महीने के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने का वादा

------------------

पुडुचेरी विधानसभा चुनाव अंतिम चरण में पहुंच चुका है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कई अहम घोषणाएं कीं। उन्होंने बेरोजगार युवाओं को हर महीने 2000 रुपये भत्ता देने और महिलाओं को सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा देने का वादा किया।

**जनसभा में राहुल गांधी ने** कहा कि कांग्रेस पुडुचेरी को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ाने का आश्वासन भी दिया।



**सरकार पर आरोप:** राहुल गांधी ने केंद्र शासित प्रदेश की मौजूदा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि नकली दवाओं के मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूलों के पास शराब की दुकानें खोली जा रही हैं और मंदिरों की जमीन बेची जा रही है। चुनाव में अब केवल तीन दिन शेष हैं और सभी राजनीतिक दलों के नेता प्रचार में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। कांग्रेस की ओर से प्रियंका गांधी भी चुनाव प्रचार में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

**प्रमुख घोषणाएं**

- बेरोजगार युवाओं को ₹2000 प्रति माह भत्ता
- महिलाओं के लिए सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा
- हर परिवार को ₹20 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा
- सरकारी नौकरियों के लिए आयु सीमा 40 वर्ष तक बढ़ाने का वादा
- 6 महीने के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की घोषणा
- राज्य का दर्जा और रोजगार पर जोर

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com

राज्य

पूर्णिया, मंगलवार
7 अप्रैल 2026



# मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी पर्षद की 24वीं बैठक संपन्न

**न्यूज स्केल पटना**



नीतीश कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को एक अणे मार्ग स्थित 'संकल्प सभागार' में मुख्यमंत्री राहत कोष न्यासी परिषद की 24वीं बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राहत कोष से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**आपदाग्रस्त परिवारों को बड़ी राहत**: बैठक में राज्य के बाहर हुई विभिन्न दुर्घटनाओं में मृत 89 लोगों के आश्रितों एवं 41 गंभीर रूप से घायलों को सहायता राशि देने के व्यय को स्वीकृति दी गई। इसके अलावा राज्य के अंदर विभिन्न आपदाओं में हुई 72 मौतों के परिजनों को भी अनुग्रह अनुदान दिया गया। इन सभी मदों पर कुल 4 करोड़ 70 लाख 50 हजार रुपये खर्च किए गए, जिसे परिषद ने अनुमोदित किया।

**बाढ़ राहत शिविरों पर विशेष ध्यान**: बाढ़ राहत शिविरों में जन्म लेने वाले बच्चों और वहां रह रहे लोगों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए 38 लाख 19 हजार 70 रुपये खर्च किए गए। इस राशि से नवजात बच्चों के लिए सहायता तथा शिविरवासियों के लिए बर्तन, वस्त्र आदि की व्यवस्था की गई। बैठक में इस व्यय को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

**बाल श्रमिकों के पुनर्वास की पहल**: बैठक में 14 से 18 वर्ष आयु वर्ग के उन किशोरों के पुनर्वास पर भी चर्चा हुई, जिन्हें बाल श्रम से मुक्त कराया गया है। इनके पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से 25 हजार रुपये प्रति किशोर की दर से कुल 86 लाख रुपये श्रम संसाधन विभाग को उपलब्ध कराए गए हैं। यह कदम बच्चों को मुख्यधारा में जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

**प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश** बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राहत कोष से जुड़ी सभी योजनाओं का प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सहायता राशि समय पर लाभुकों तक पहुंचे, यह सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

**मुख्यमंत्री का स्पष्ट संदेश**
मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि राहत कोष का उद्देश्य आपदा की स्थिति में प्रभावित लोगों को त्वरित सहायता प्रदान करना है। इसके अलावा अन्य जरूरतमंद लोगों को भी इस कोष के माध्यम से मदद दी जाती है, जिससे समाज के कमजोर वर्गों को संबल मिलता है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आधुनिक सेवाओं से लैस अतिथि शाला का किया उद्घाटन

**न्यूज स्केल पटना**



बिहार की राजधानी पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को एमएलसी क्वार्टर परिसर में नवनिर्मित आधुनिक अतिथिशाला का उद्घाटन किया। इस अतिथि शाला में पुस्तकालय, जलपान गृह समेत कई सुविधाएं विकसित की गई हैं, जिससे जनप्रतिनिधियों और आगंतुकों को बेहतर व्यवस्था मिल सकेगी।

कार्यक्रम में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। इसके अलावा विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार मंत्री विजय चौधरी और अशोक चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल हुए।

बताया गया कि यह नई अतिथि शाला आधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिससे राज्य के जनप्रतिनिधियों को ठहरने और कार्य करने में सुविधा मिलेगी। सरकार का उद्देश्य जनप्रतिनिधियों के लिए बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वहन और प्रभावी ढंग से कर सकें।

## भाजपा नीति और सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है : सम्राट चौधरी

**न्यूज स्केल पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और समर्थकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक संगठन भारतीय जनता पार्टी ने अपनी गौरवशाली यात्रा नीति और सिद्धांतों के आधार पर तय की है।

**संस्थापकों के तप-त्याग से बनी पहचान**: सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा की नींव संस्थापकों के तप, त्याग और समर्पण पर टिकी है, जिसने संगठन को राष्ट्रसेवा का सशक्त माध्यम बनाया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में पार्टी ने नई ऊंचाइयों को छुआ, वहीं नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**विचारधारा ही भाजपा की ताकत**|: उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे महापुरुषों के विचारों से प्रेरित एक जीवंत विचारधारा है। अंत्योदय से राष्ट्रोदय के संकल्प के साथ पार्टी देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लिए कार्य कर रही है।

**47 वर्षों की यात्रा, 4700 वर्षों की कामना** :सम्राट चौधरी ने कहा कि भाजपा की यात्रा सत्ता की नहीं, बल्कि संस्कार और विचार की यात्रा है। उन्होंने कहा कि आज पार्टी के स्थापना के 47 वर्ष पूरे हो चुके हैं और एक कार्यकर्ता के रूप में उनकी कामना है कि यह संगठन 4700 वर्षों तक निरंतर आगे बढ़ता रहे।

**कार्यकर्ता आधारित संगठन की विशेषता**: उन्होंने कहा कि भाजपा में एक सामान्य कार्यकर्ता भी बूथ स्तर से उठकर देश का प्रधानमंत्री बन सकता है। पार्टी में विचारधारा और कार्यकर्ता सर्वोपरि हैं।

**ध्वजारोहण कर किया नमन** उपमुख्यमंत्री ने अपने आवास पर भाजपा का ध्वज फहराया और वैचारिक महापुरुषों, अमर बलिदानियों तथा लाखों कार्यकर्ताओं को नमन किया।

**01**: भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बताया।
---------------
**02** : पार्टी को नीति और सिद्धांतों पर चलने वाला संगठन कहा।
---------------
**03** :संस्थापकों के तप, त्याग और समर्पण को भाजपा की मजबूती का आधार बताया।

## "निवेशकों की पहली पसंद बनता बिहार, उद्योग और रोजगार में ऐतिहासिक तेजी : मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल

**न्यूज स्केल पटना**



बिहार में उद्योग और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास को लेकर उद्योग विभाग द्वारा सोमवार को सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सभागार में एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। इस प्रेस वार्ता की अध्यक्षता उद्योग विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने की, जबकि विभाग के सचिव कुंदन कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

प्रेस वार्ता का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उद्योग विभाग की प्रमुख उपलब्धियों, नई नीतिगत पहलों तथा औद्योगिक विकास में हुई प्रगति की जानकारी साझा करना था। मंत्री डॉ. जायसवाल ने बताया कि राज्य सरकार "बिल्ड एंड बिलीव इन बिहार" के विजन के साथ उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार कर रही है, जिससे निवेशकों का भरोसा लगातार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मजबूत करने के लिए कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। नई औद्योगिक नीतियों के तहत निवेश प्रक्रिया को सरल बनाया गया है और उद्यमियों को सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से त्वरित स्वीकृति दी जा रही है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

विभागीय सचिव कुंदन कुमार ने बताया कि इस अवधि में कई नए उद्योग स्थापित हुए हैं तथा पूर्व से संचालित इकाइयों का विस्तार भी हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बुनियादी ढांचे के विकास, स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दे रही है।

प्रेस वार्ता में यह भी बताया गया कि बिहार अब निवेश के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनता जा रहा है, जहां औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार सृजन को भी प्राथमिकता दी जा रही है। सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में बिहार देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बनाए।

**01**: "नई औद्योगिक नीतियों से बदली बिहार की बदली तस्वीरः बिहार में रोजगार सृजन को मिली रफ्तार"
---------------
**02** : उद्योग और रोजगार में नई उड़ानः बिहार बना निवेश का उभरता केंद्र
---------------
**03** :वित्तीय वर्ष 2025-26 में उद्योग विभाग की उपलब्धियों और नीतिगत पहलों पर विस्तृत प्रेस वार्ता

# पटना में आपदा प्रबंधन को लेकर तैयारियों की समीक्षा, अधिकारियों को सख्त निर्देश

**न्यूज स्केल पटन**





जिलाधिकारी, पटना द्वारा संभावित बाढ़, सुखाड़, जल-जमाव, भीषण गर्मी, लू एवं अग्निकांड जैसी आपदाओं से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि मौसम की अनिश्चितता को देखते हुए सभी विभाग अलर्ट मोड में रहें और आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री, नावों, शेल्टर होम और मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। वहीं भीषण गर्मी और लू से बचाव के लिए शीतल पेयजल, छायादार स्थान और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने पर जोर दिया गया।

अग्निकांड की घटनाओं की रोकथाम के लिए अग्निशमन उपकरणों की जांच, जागरूकता अभियान और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश भी दिए गए। इसके साथ ही वज्रपात से बचाव के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया।

जिलाधिकारी ने आम जनता से अपील की कि वे ''क्या करें एवं क्या न करें'' संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करें और इसे अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं। किसी भी आपात स्थिति में लोग डायल-112, जिला आपातकालीन संचालन केंद्र (0612-2210118) अथवा 24×7 जिला नियंत्रण कक्ष (0612-2219810/2219234) पर संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि प्रशासन हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## विधान परिषद अतिथि निवास का हुआ शुभारम्भ, जनप्रतिनिधियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं : डॉ जायसवाल

**न्यूज स्केल पटन**

▪ **उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा—बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण से सुशासन को मिलेगी मजबूती**



बिहार की राजधानी पटना स्थित विधान परिषद आवासीय परिसर में सोमवार को विधान परिषद अतिथि निवास का विधिवत शुभारम्भ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम मे उद्योग विभाग बिहार के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल भी शामिल हुए।

कार्यक्रम के उपरांत उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह पहल जनप्रतिनिधियों एवं आगंतुकों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अतिथि निवास के निर्माण से न केवल ठहरने की व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि प्रशासनिक कार्यों में भी सुविधा और गति आएगी।मंत्री ने आगे कहा कि राज्य सरकार आधारभूत संरचनाओं के निरंतर विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह की परियोजनाएं कार्यकुशलता, पारदर्शिता और जनसेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह पहल सुशासन को और मजबूत करेगी तथा एक विकसित, सुसंगठित और सशक्त बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग के 65 कार्यालयों में जीविका दीदियों ने संभाला स्वच्छता की कमान

**न्यूज स्केल पटना**



हर क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहीं जीविका दीदियां अब स्वच्छता दूत के रूप में भी पहचान बना रही हैं। हाल ही में बिजली विभाग के साथ हुए समझौते के बाद उन्होंने 65 कार्यालयों में साफ-सफाई की जिम्मेदारी संभाल ली है।

**स्वच्छता से बढ़ रही पहचान** **ग्रामीण जीविकोपार्जन** प्रोत्साहन समिति (जीविका) और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के बीच हुए समझौता ज्ञापन के तहत दीदियों ने बिजली कार्यालयों में कार्य शुरू किया है। इससे सरकारी संस्थानों में स्वच्छता व्यवस्था में सुधार देखने को मिल रहा है और जीविका समूहों की विश्वसनीयता भी बढ़ी है।

**पहले से कई संस्थानों में सक्रिय भूमिका;** जीविका दीदियां पहले से स्वास्थ्य विभाग के मेडिकल कॉलेजों, जिला एवं अनुमंडल अस्पतालों में साफ-सफाई का कार्य कर रही हैं। इसके अलावा अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक वर्ग के आवासीय विद्यालयों में भी वे अपनी जिम्मेदारी निभा रही हैं, जिससे उनकी कार्यक्षमता का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

**रोजगार और सशक्तिकरण को बढ़ावा**: इस पहल से न केवल रोजगार के अवसर बढ़े हैं, बल्कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण भी मजबूत हुआ है। वर्तमान में 700 से अधिक इकाइयों में 7000 से ज्यादा महिलाएं कार्यरत हैं और उन्हें हर महीने 8,000 से 12,000 रुपये तक की आय हो रही है।

**अन्य विभागों में विस्तार की तैयारी**: ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने इसे महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस मॉडल को अन्य विभागों में भी लागू किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जा सके।

# बिहार में मौसम अलर्ट : गरज-चमक, तेज हवा और ओलावृष्टि की संभावना

**न्यूज स्केल पटन**



भारत मौसम विज्ञान विभाग ने जानकारी दी है कि पश्चिमी विक्षोभ तथा बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमीयुक्त हवाओं के संयुक्त प्रभाव से बिहार एवं आसपास के क्षेत्रों में अनुकूल मौसमी परिस्थितियाँ बन रही हैं। इसके साथ ही सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण के कारण वायुमंडल में पर्याप्त अस्थिरता उत्पन्न हो गई है, जिससे मौसम में तेजी से बदलाव देखा जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले 3 से 4 दिनों तक अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ वर्षा और वज्रपात (आकाशीय बिजली) की प्रबल संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का भी अनुमान है। विशेष रूप से 08 और 09 अप्रैल 2026 को मौसम अधिक तीव्र रह सकता है, जब कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की भी आशंका जताई गई है।

विभाग ने आम नागरिकों को सतर्क रहने की सलाह देते हुए कहा है कि खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। वज्रपात के समय सुरक्षित स्थान पर शरण लें और पेड़ों, बिजली के खंभों तथा खुले स्थानों से दूरी बनाए रखें। खेत, जलाशय या खुले मैदान में जाने से बचने की भी अपील की गई है।किसानों के लिए भी विशेष परामर्श जारी किया गया है। उन्हें तैयार फसलों की शीघ्र कटाई कर सुरक्षित भंडारण करने, खेतों में रखी उपज को ढककर रखने तथा संभावित वर्षा और ओलावृष्टि से बचाव के लिए पहले से तैयारी करने की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने कहा है कि सतर्कता और सावधानी से संभावित नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# साप्ताहिक समीक्षा में डीएम दिखे सख्त : समय-सीमा के भीतर सभी कार्यों के निष्पादन का निर्देश

## मानवाधिकार, न्यायालयीन मामलों और आरटीपीएस आवेदनों पर विशेष फोकस, लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



सोमवार को जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई । बैठक समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में आयोजित की गयी थी ! साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के वरीय अधिकारियों के साथ विकास योजनाओं एवं लोक कल्याणकारी कार्यों की अद्यतन प्रगति की गहन समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान डीएम ने मुख्यालय पटना से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों के निष्पादन की स्थिति, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, बिहार मानवाधिकार आयोग एवं न्यायालय से संबंधित मामलों की समीक्षा की। साथ ही लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम एवं सीपीग्राम पोर्टल पर प्राप्त परिवादों के निष्पादन की प्रगति को संतोषजनक बताया, लेकिन इसमें और तेजी लाने के निर्देश दिए गये ।

**आरटीपीएस काउंटर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि आरटीपीएस काउंटरों पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों प्रकार के आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए। यदि किसी प्रखंड में ऑफलाइन आवेदन शून्य पाए जाते हैं, तो संबंधित ऑपरेटर के वेतन में कटौती की जाएगी। आवेदन लेने में आनाकानी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

**'सबका सम्मान, जीवन आसान' पर विशेष जोर**

प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को सेवा संवाद समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत संचालित 'सबका सम्मान, जीवन आसान' कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया। अधिकारियों को इसे प्राथमिकता देने को कहा गया।

**पैक्स चुनाव की तैयारी पर भी समीक्षा :** पैक्स चुनाव को लेकर उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि संबंधित कर्मियों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में डीडीसी, अपर समाहर्ता, आपदा, विधि-व्यवस्था, विभागीय जांच, जिला लोक शिकायत सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे, जबकि प्रखंड एवं अनुमंडल स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

**पंचायत स्तर पर भी सेवाएं मजबूत करने के निर्देश :** जिला पंचायत राज पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि पंचायत सरकार भवनों में आरटीपीएस काउंटर स्थापित कर आम जनता को स्थानीय स्तर पर ही सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से उपस्थित रहकर समस्याओं का समाधान करने को कहा गया।

**सबका सम्मान, जीवन आसान' कार्यक्रम पर फोकस ::** डीएम ने सोमवार और शुक्रवार को आयोजित इस कार्यक्रम के तहत प्राप्त सभी आवेदनों के त्वरित एवं शत-प्रतिशत निष्पादन का निर्देश दिया, ताकि आम जनता की समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके।

**पंचायत स्तर पर सेवाओं के विस्तार का निर्देश :** पंचायत सरकार भवनों में आरटीपीएस काउंटर स्थापित करने और अधिकारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में ही लोगों को सरकारी सेवाएं आसानी से मिल सकें।

# सेवा-संवाद-समाधान कार्यक्रम : जनसंवाद में डीएम ने सुनीं 38 फरियादें, त्वरित समाधान के निर्देश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**




समाहरणालय स्थित प्रज्ञान सभागार में सोमवार को आयोजित सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार ने आमजनों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। ''सबका सम्मान-जीवन आसान '' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित इस जनसंवाद में बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायतों और समस्याओं के साथ पहुंचे।

कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों को सरकारी कार्यों में आने वाली कठिनाइयों से राहत दिलाना और प्रशासन व जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने कुल 38 आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें सर्वाधिक मामले राजस्व विभाग से जुड़े थे, जबकि विधि शाखा, सामान्य शाखा एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित शिकायतें भी प्रमुख रूप से सामने आईं। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए।

इस अवसर पर अनुमंडल, प्रखंड एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारी भी अपने-अपने कार्यालयों में उपस्थित रहकर लोगों की समस्याएं सुनते नजर आए और उनके समाधान के लिए आवश्यक पहल की गई।

प्रशासन ने जानकारी दी कि यह जनसंवाद कार्यक्रम प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को जिला मुख्यालय से लेकर अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, ताकि आमजन को उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान मिल सके।

किसी भी प्रकार की सहायता या सूचना के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319, 242317 एवं 242320 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# नारी शक्ति, युवा और विकास का संकल्प : भाजपा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया अपना 46वां स्थापना दिवस





**न्यूज स्केल पूर्णिया**

विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज अपना 46वां स्थापना दिवस बेहद उत्साह और गौरव के साथ मनाया। इस अवसर पर शहर के लाइन बाजार स्थित मां पंचादेवी हॉस्पिटल व भाजपा नेता अनिल कुमार गुप्ता आवास पर ध्वाजा रोहण कियागया ।इस मौके पर भाजपा नेता डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने कहा 6 अप्रैल, 1980 को स्थापित हुई पार्टी आज अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। उन्होंने इस अवसर पर पार्टी के चार दशकों से अधिक के सफर को याद किया।

**र्यक्रम के दौरान रहे उपस्थित**

इस मौके पर जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के अलावा पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज सिंह, भाजपा महिला मोर्चा की कोषाध्यक्ष पिंकी गुप्ता अमृत , सचिन सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।ग्रीन पूर्णिया के दिलीप दीपक ,रवींद्र ,रवि झा प्रमोद जायसवाल आलोक लोहिया शंभु सिंह आरती जायसवाल नीतू सिंह रीना सूद डॉ प्रियंका झा ,भी शामिल हुए । विश्व हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष गोस्वामी भी अपनी टीम के साथ मौजूद थे ।

**देश के विकास और विश्वास का प्रतीक है भाजपाः डॉ ए. के. गुप्ता :**

इस विशेष अवसर पर डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि भाजपा आज देश की आशा और विश्वास का प्रतीक बन चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पार्टी का एक मात्र लक्ष्य जनसेवा और देश को प्रगति की नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। इस दौरान उन्होंने पार्टी के संस्थापकों श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय को याद किया। स्थापना दिवस के अवसर पर उन्होंने कहा कि दो लोकसभा सीट पर जीत दर्ज करने के साथ पार्टी ने सफर की शुरुआत की थी। एक वो दिन था और एक आज का दिन है जब पूर्ण बहुमत की सरकार तक यह पार्टी पहुंच गई है।

# सांसद पप्पू यादव ने किया अशोक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का आगाज़, युवाओं को खेल से जुड़ने का आह्वान

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 07 स्थित बिजली कॉलोनी मैदान में पॉलीटेक्निक क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित स्व. अशोक मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन पूर्णिया के लोकप्रिय सांसद Rajesh Ranjan उर्फ पप्पू यादव ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया, जिससे मैदान में मौजूद खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा जोश देखने को मिला।

उद्घाटन के बाद सांसद ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजन समिति की ओर से उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया, जिस पर उन्होंने आभार व्यक्त किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और स्वस्थ जीवन शैली का आधार है। खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देता है और उनमें आत्मविश्वास, धैर्य व संघर्ष की भावना विकसित करता है।

उन्होंने युवाओं से खेलकूद में सक्रिय भागीदारी की अपील करते हुए कहा कि यह उन्हें नशा, अपराध और सामाजिक बुराइयों से दूर रखता है। उन्होंने कहा कि पूर्णिया और सीमांचल के युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता सिर्फ उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। ऐसे आयोजन खिलाड़ियों के लिए नए अवसरों के द्वार खोलते हैं।

**बिजली कॉलोनी मैदान में जोश और उत्साह के बीच हुआ उद्घाटन, खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला**

सांसद ने भरोसा दिलाया कि उनके प्रयासों से पूर्णिया में खेल गतिविधियों को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। इस मौके पर प्रतिनिधि बबलू भगत, इस्राइल आजाद, संजय सिंह, राजेश यादव, वैश खान, सुडु यादव, संजय विश्वास और अरुण यादव सहित कई लोग उपस्थित रहे। टूर्नामेंट के शुभारंभ के साथ ही क्षेत्र में खेल का उत्साह चरम पर पहुंच गया

# भाजपा स्थापना के 46वें वर्षगांठ पर उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने फहराया पार्टी झंडा कर राष्ट्र शक्ति का दिया संदेश

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता ने समस्त कार्यकर्ताओं एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्रीमती गुप्ता ने अपने आवास पर पार्टी झंडा फहराकर राष्ट्र शक्ति का संदेश दिया ।उपमहापौर ने अपने संदेश में कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा और जनकल्याण के संकल्प के साथ आगे बढ़ने वाला एक मजबूत संगठन है। पिछले 46 वर्षों में पार्टी ने "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए देश के विकास और समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश को एक मजबूत नेतृत्व प्रदान किया है, जिसके परिणामस्वरूप भारत वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। संगठन की शक्ति उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं, जो निस्वार्थ भाव से राष्ट्र निर्माण में जुटे हुए हैं।श्रीमती गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पार्टी की विचारधारा और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाएं तथा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए संकल्पित रहें।

अंत में उन्होंने कहा कि भाजपा का यह स्थापना दिवस हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है और हमें देश की सेवा के लिए और अधिक प्रतिबद्ध होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

# स्थापना दिवस पर भाजपा को मिली मजबूती, संथाली टोला की सैकड़ों महिलाओं ने नूतन गुप्ता के नेतृत्व मे थामा पार्टी का दामन

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

- **नूतन गुप्ता के नेतृत्व में फसिया मदारपुर में हुआ आयोजन, झंडोत्तोलन, पुष्पांजलि और सदस्यता अभियान के साथ उत्सव जैसा माहौल**







भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्णिया पूर्व प्रखंड अंतर्गत सिकंदरपुर पंचायत के फसिया मदारपुर संथाली टोला में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलामंत्री श्रीमती नूतन गुप्ता ने किया। इस दौरान भाजपा जिला सचिव नूतन गुप्ता के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सैकड़ों महिलाओं ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की।

कार्यक्रम की शुरुआत जिलामंत्री श्रीमती गुप्ता द्वारा पार्टी का झंडोत्तोलन एवं महान विभूतियों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र "भाजपा जिंदाबाद", "मोदी जिंदाबाद" और "जय श्रीराम" के नारों से गूंज उठा।

**भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है, कार्यक्रम के दौरान दिखा उत्साह और समर्पण :** कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि संथाली टोला के ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं का भाजपा के प्रति जबरदस्त उत्साह रहा। स्थापना दिवस और नए सदस्यों के स्वागत में पूरे टोले में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

**जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए समर्पित है : नूतन गुप्ता**

जिलामंत्री ने कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों के साथ मिलकर भाजपा के गौरवशाली इतिहास और अंत्योदय के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक विचार है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के विकास के लिए समर्पित है। उन्होंने यह भी बताया कि शून्य से शुरू होकर कार्यकर्ताओं के कठोर परिश्रम और अंत्योदय के सिद्धांत के बल पर भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र जीवित है और एक सामान्य कार्यकर्ता भी शीर्ष पद तक पहुंच सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि मदारपुर संथाली टोला के लोगों का पार्टी से जुड़ना इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और गारंटियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है।

इस अवसर पर जिलामंत्री ने स्वयं अपने हाथों से ग्रामीणों एवं बच्चों को मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया, जिससे लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला सदस्यता अभियान के साथ-साथ श्रीमती गुप्ता ने ग्रामीणों की स्थानीय समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए वे और पार्टी के कार्यकर्ता सदैव तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर पंचायत के कई गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय बूथ अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# पूर्णिया के सुमित बेसरा का राष्ट्रीय स्तर पर चयन, बिहार रग्बी टीम में मिली जगह

**न्यूज स्केल पूर्णिया**



जिले के युवा खिलाड़ी सुमित बेसरा का चयन 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय रग्बी चैम्पियनशिप 2025-26 के लिए बिहार रग्बी टीम में हुआ है। सुमित अंडर-17 आयु वर्ग के प्रतियोगिता मे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे । यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 6 से 10 अप्रैल 2026 तक ओडिशा के भुवनेश्वर स्थित कलिंगा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी।

सुमित बेसरा की इस उपलब्धि पर पूर्णिया रग्बी संघ में खुशी का माहौल है। पूर्णिया रग्बी सचिव शुभम आनंद ने सुमित को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि सुमित राष्ट्रीय स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और राज्य का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर बिहार रग्बी सचिव डॉ. पंकज कुमार ज्योति के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके मार्गदर्शन और निरंतर प्रेरणा से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। साथ ही बिहार सरकार के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया गया, जो खेल एवं खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन प्रदान कर रही है।

जिलेवासियों ने सुमित बेसरा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके सफल प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# एक दिन में 8675 सिलेंडर का हुआ वितरण, अभी भी 18,763 सिलेंडर स्टॉक में है सुरक्षित



**शिकायत के लिए हेल्पलाइन जारी:** गैस से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए उपभोक्ता जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06454-242319 / 242317 / 242320 पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा सभी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

**▪ गैस उपभोक्ता से जुडी कुल 296 शिकायतों का हुआ निपटारा, पर्याप्त स्टॉक और नियमित होम डिलीवरी जारी**

जिले में एलपीजी गैस आपूर्ति को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से गैस उपलब्ध कराई जा रही है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पूर्णिया में गैस की कोई कमी नहीं है तथा सभी एजेंसियों द्वारा होम डिलीवरी व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा रही है।

जिला प्रशासन द्वारा जारी सुचना के अनुसार सोमवार को जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से कुल 8675 गैस सिलेंडरों का वितरण उपभोक्ताओं के बीच किया गया। वहीं एजेंसियों के गोदामों में अब भी 18,763 सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जिससे आपूर्ति पूरी तरह संतुलित बनी हुई है।

अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर उरांव ने बताया कि सोमवार को कुल 9027 उपभोक्ताओं ने गैस की मांग की थी, जिसके विरुद्ध लगभग सभी को नियमानुसार सिलेंडर उपलब्ध करा दिया गया।

**शिकायतों के निपटारे में तेजी**
जिला नियंत्रण कक्ष में 15 मार्च से अब तक गैस से संबंधित 313 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 296 का निष्पादन कर दिया गया है। शेष 17 मामलों को संबंधित एजेंसियों को त्वरित कार्रवाई के लिए भेजा गया है।

**ग्रामीण-शहरी आपूर्ति का तय चक्र:** प्रशासन के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों का है, जबकि शहरी क्षेत्रों में यह अवधि 25 दिनों निर्धारित है। इसी के अनुसार वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

**अफवाहों से बचने और भीड़ न लगाने की अपील:** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे घबराहट में अनावश्यक बुकिंग या गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं। नियमानुसार बुकिंग करने पर समय पर होम डिलीवरी दी जा रही है।

**निगरानी जारी, व्यवस्था दुरुस्त**
सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं संबंधित अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में गैस एजेंसियों की सतत निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन का दावा है कि जिले में गैस वितरण पूरी तरह व्यवस्थित है और उपभोक्ताओं को समय पर सेवा मिल रही

# सामाजिक सुरक्षा पर सियासत तेज :सांसद पप्पू यादव ने केंद्र से मांगा जमीनी हिसाब

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की पहुंच और प्रभाव को लेकर पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन (पप्पू यादव) ने केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने संसद में यह मुद्दा उठाते हुए पूछा कि क्या वास्तव में देश के 95 करोड़ नागरिकों को सामाजिक सुरक्षा कवरेज और संरक्षण मिल रहा है।केंद्र सरकार की ओर से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने जवाब में दावा किया कि करीब 94 करोड़ लोगों को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जा चुका है। हालांकि, इस दावे पर पप्पू यादव ने कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि केवल आंकड़े पेश करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए।

**जमीनी हकीकत की मांग**
सांसद ने कहा कि पूर्णिया, सीमांचल और बिहार के गरीब, मजदूर, किसान, विधवा, दिव्यांग, छात्र और असंगठित



क्षेत्र के कामगारों को इन योजनाओं का कितना लाभ मिल रहा है, इसकी जमीनी समीक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिन क्षेत्रों में गरीबी, पलायन, बेरोजगारी और स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी अधिक है, वहां सामाजिक सुरक्षा की सबसे ज्यादा आवश्यकता है।

**सरकार का दावा: कवरेज में बड़ा इजाफा:** सरकार के मुताबिक अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के आंकड़ों के अनुसार भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत हो गया है। इस बढ़ोतरी का श्रेय जनधन, आधार और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (DBT) जैसी व्यवस्थाओं को दिया गया है।

सरकार ने जिन प्रमुख योजनाओं का उल्लेख किया, उनमें प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन, पीएम-किसान, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम शामिल हैं।

**"कागज़ी नहीं, असली लाभ चाहिए":** पप्पू यादव ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक सुरक्षा किसी सरकारी रिपोर्ट का विषय भर नहीं, बल्कि गरीब परिवारों के जीवन का सहारा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्णिया और सीमांचल के हजारों परिवार आज भी पेंशन, छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य बीमा, मातृत्व सहायता और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

**जिला-वार पारदर्शिता की मांग**
सांसद ने मांग की कि यदि 94

**94 करोड़ कवरेज के दावे पर उठाए सवाल, बोले— आंकड़ों नहीं, अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचना असली कसौटी**

करोड़ लोगों को कवरेज देने का दावा किया जा रहा है, तो बिहार के प्रत्येक जिले—खासकर पूर्णिया—में लाभार्थियों की सटीक और सार्वजनिक जानकारी उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इससे योजनाओं की वास्तविक स्थिति सामने आ सकेगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

**उम्मीद बनी संसद की आवाज**
सांसद ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा का असली मतलब है गरीबों तक सम्मानपूर्वक और समय पर लाभ पहुंचाना। संसद में उठी यह आवाज अब पूर्णिया और सीमांचल के लोगों के लिए उम्मीद बन गई है कि आने वाले समय में योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा। इस संबंध में जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी राजेश यादव द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

# एसडीओ का औचक निरीक्षण : अस्पताल, विद्यालय व छात्रावास की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**न्यूज स्केल पूर्णिया /धमदाहा**

**मरीजों और छात्रों से सीधे संवाद, पौष्टिक भोजन, साफ-सफाई व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

अनुमंडल पदाधिकारी धमदाहा श्री कुमार अनूप ने सोमवार को अनुमंडल अस्पताल धमदाहा, जीविका दीदी की रसोई, डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय एवं कल्याण छात्रावास का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल, शिक्षा और छात्रावास से जुड़ी सुविधाओं की वास्तविक स्थिति को परखा। अनुमंडल अस्पताल धमदाहा के निरीक्षण के क्रम में एसडीओ ने मरीजों से सीधे रूबरू होकर उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में सुलभ इलाज और व्यवस्थाओं को लेकर संतोषजनक सुधार बनाए रखने पर जोर दिया।

वहीं, डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय एवं कल्याण छात्रावास के निरीक्षण के दौरान सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए। एसडीओ ने छात्रावास में संचालित 'दीदी की रसोई' का भी निरीक्षण किया और बच्चों से बातचीत कर भोजन, पठन-पाठन एवं अन्य सुविधाओं की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की।



निरीक्षण के दौरान उन्होंने छात्रावास के अधीक्षक एवं शिक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिया कि मीनू के अनुरूप पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए, पठन-पाठन की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो तथा छात्रावास परिसर में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए।

एसडीओ के इस औचक निरीक्षण से संबंधित संस्थानों में प्रशासनिक सक्रियता बढ़ी है और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में आवश्यक पहल तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बनमनखी चोपड़ा बाजार में न्यू एज पब्लिक कॉन्वेंट का द्वितीय वार्षिकोत्सव धूमधाम से हुआ संपन्न.

**न्यूज स्केल बनमनखी**

नगर पंचायत जानकीनगर के चोपड़ा बाजार स्थित न्यू एज पब्लिक कॉन्वेंट में विद्यालय का द्वितीय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों, अभिभावकों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की बड़ी भागीदारी रही, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत जानकीनगर के मुख्य पार्षद रमेश पासवान, प्रदेश महासचिव राजद सह पूर्व प्रत्याशी संजीव कुमार उर्फ सोना पासवान एवं विद्यालय की प्राचार्य नेहा मुखर्जी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं फीता काटकर किया गया।

इस अवसर पर मंच संचालन



पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष संजीव कुमार यादव द्वारा किया गया, जिन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित किया।

मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय परिवार को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों के नृत्य, गीत एवं नाट्य प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा।

इस मौके पर असीम मुखर्जी, श्वेता सिंह, नेहा सिंह, सपना कुमारी, अजय कुमार, पियूष कुमार, बम-बम कुमार, रूपेश कुमार, राजू कुमार, अभिषेक आनंद सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भटकी हुई महिला को पुलिस ने सुरक्षित पहुंचाया शांति कुटीर



**न्यूज स्केल केनगर**

चम्पानगर थाना क्षेत्र में संध्या गश्ती के दौरान पुलिस को एक भटकी हुई महिला मिली, गश्ती पुलिस टीम ने उक्त महिला को तत्काल सुरक्षा में ले लिया और उससे जानकारी लेने का प्रयास किया गया ! इस सम्बन्ध मे अपर थानाध्यक्ष मुक्तेश्वर राय ने बताया कि महिला असहाय अवस्था में इधर-उधर भटक रही थी। पूछताछ के दौरान वह अपने घर या परिजनों के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी।

स्थिति को देखते हुए पुलिस ने महिला की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए सुरक्षित रूप से शांति कुटीर, पूर्णिया पहुंचा दिया, जहां उसकी देखभाल की जा रही है।

पुलिस की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की है।

# कसबा उच्च विद्यालय में पाठ्य पुस्तकों का वितरण, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह

**न्यूज स्केल कसबा**

**▪ प्रभारी सजल कुमार ने कहा— मुफ्त पुस्तकों का लाभ उठाकर छात्र करें बेहतर प्रदर्शन, समाज और विद्यालय का बढ़ाएं मान**

कसबा उच्च विद्यालय परिसर में विद्यालय प्रभारी सजल कुमार के नेतृत्व में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षा प्रेमी कैलाश मंडल सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं



मौजूद रहे।

पुस्तक वितरण कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखा गया। प्रभारी सजल कुमार ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सभी बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिसका सही उपयोग करना विद्यार्थियों का कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन करने और अच्छे अंक लाकर विद्यालय व समाज का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

# अमित कुमार बने वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी, युवाओं में उत्साह

**न्यूज स्केल कसबा**

भाजपा प्रदेश में वाणिज्य प्रकोष्ठ के प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी के रूप में अमित कुमार को नियुक्त किया गया है इस नियुक्ति के बाद ऐसा माना जा रहा है कि अमित कुमार द्वारा वाणिज्य प्रकोष्ठ को सशक्त बनाने की दिशा में व्हतर कार्य करेंगे और उनके नेतृत्व मे संगठन मजबूत होगा । उन्हे इस महत्वपूर्ण दायित्व के पार्टी नेतृत्व द्वारा मिलने से कसबा सहित आसपास के युवाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।



वाणिज्य प्रकोष्ठ भाजपा बिहार के प्रदेश संयोजक डॉ. प्रो. जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अमित कुमार के इस पद पर नियुक्त होने से क्षेत्र में व्यापारिक गतिविधियों को मजबूती मिलेगी और विकास को नई दिशा मिलेगी।

इस संबंध में अमित कुमार ने कहा कि वे प्रदेश के व्यापारियों की सभी ज्वलंत समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और व्यापारियों के हितों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे।

# संध्या गश्ती में तीन गिरफ्तार, दो नशेड़ी व एक वारंटी जेल भेजे गए



**न्यूज स्केल केनगर**

कृत्यानंद नगर थाना पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान कार्रवाई करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बिठनौली पश्चिम पंचायत से एक वारंटी तथा झुन्नी बलुआ गांव से दो नशेड़ियों को पकड़ा। थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनवी ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी की पहचान बिठनौली पश्चिम पंचायत के रोसका कोस्कागढ़ निवासी 36 वर्षीय राजेश राय, पिता योगेंद्र राय के रूप में हुई है। वहीं झुन्नी बलुआ निवासी 29 वर्षीय अजय कुमार, पिता शंकर साह तथा 28 वर्षीय मिठू कुमार, पिता रामकिशुन साह को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया। मेडिकल जांच में दोनों के अत्यधिक शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद अप्राथमिकी संख्या 50/2026 के तहत मद्य निषेध अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

# मैट्रिक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का सम्मान, हरदा में गूंजा सफलता का जश्न

**ब्राइट स्टार कोचिंग सेंटर में सम्मान समारोह आयोजित, मेधावी छात्रों को किया गया पुरस्कृत**

**न्यूज स्केल हरदा,**

पूर्णिया पूर्व प्रखंड के हरदा बाजार स्थित ब्राइट स्टार कोचिंग सेंटर में बिहार मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित करने के लिए एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सफल छात्रों की उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया।

कोचिंग सेंटर के शिक्षक सह व्यवस्थापक बिपिन कुमार ठाकुर ने हर्ष कुमार, सत्यम कुमार, चित्रांश कुमार और अभिषेक कुमार को उनके उत्कृष्ट अंक के लिए सम्मानित किया। उन्होंने सभी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि संस्थान में




विद्यार्थियों को सही दिशा-निर्देश के साथ विषयवार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है, जिससे वे सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंच सकें।

समारोह के दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में सुभाष झा, जीशू यादव और राहुल कुमार साह ने भी मेधावी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शिक्षा के प्रति सकारात्मक माहौल और उत्साह देखने को मिला।

यह सम्मान समारोह न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करने वाला साबित हुआ।

# औचक निरीक्षण में विद्यालय व्यवस्था की परखी गई हकीकत

**न्यूज स्केल धमदाहा**

धमदाहा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, छात्रों की उपस्थिति, भोजन एवं नाश्ता व्यवस्था की गहन जांच की गई। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने छात्रों से सीधे संवाद कर उन्हें मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और भोजन की



गुणवत्ता के बारे में भी पूछताछ की। निरीक्षण में विद्यालय की विधि-व्यवस्था और समग्र संचालन व्यवस्था का भी जायजा लिया गया।

निरीक्षण के उपरांत शिक्षकों के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, पठन-पाठन की स्थिति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही, आवश्यक सुधार के लिए संबंधित दिशा-निर्देश भी दिए गए।

# नई उम्मीदों के संग गूंजा विद्यालय परिसर, जी.डी. गोयनका स्कूल में नव सत्र का भव्य आगाज़

## प्रार्थना, उत्साह, रचनात्मक गतिविधियों और 'मैजिक शो' ने बनाया पहला दिन यादगार

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

शहर के जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ सोमवार को अत्यंत उल्लासपूर्ण, ऊर्जा से भरपूर एवं गरिमामय वातावरण में हुआ। विद्यालय परिसर विद्यार्थियों की चहक, उत्साह और नई उम्मीदों की मधुर गूंज से विद्यालय परिसर सराबोर नजर आया।

**आत्मीय स्वागत से हुआ नव सत्र का आगाज़**

नये सत्र के प्रारम्भ के अवसर पर नवीन एवं पुराने छात्र-छात्राओं का स्वागत विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पुलोमा नंदी, उप-प्रधानाचार्य राज कुमार दास, समन्वयकगण एवं शिक्षकगण द्वारा आत्मीयता, स्नेह और उल्लास के साथ किया गया। इस नये सत्र मे विशेष रूप से पहली बार स्कूल पहुंचे नन्हें विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।







**गतिविधियों ने बढ़ाया उत्साह, सेल्फी पॉइंट बना आकर्षण का केंद्र:** विद्यालय प्रशासन ने पहले दिन को खास बनाने के लिए विभिन्न रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया। कक्षाचार्यों ने मनोरंजक गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को सशक्त शुरुआत दी। साथ ही, विद्यालय के आकर्षक सेल्फी पॉइंट पर बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपने यादगार पल कैमरे में कैद किए।

**प्रार्थना सभा में गूंजा एकता और आध्यात्मिकता का स्वर**

प्रथम दिवस पर विद्यालय के ओपन एयर ग्राउंड में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक बना दिया। सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक स्वर में विद्यालय प्रार्थना की तथा माँ सरस्वती से ज्ञान, बुद्धि और सफलता की कामना की।

**प्रधानाचार्या ने दिए सफलता के मंत्र:** इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती पुलोमा नंदी ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें अनुशासन, समर्पण और उत्कृष्टता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यालय की उत्कृष्ट शैक्षणिक व्यवस्था, संस्कारयुक्त वातावरण और समग्र विकास की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए आवश्यक दिशानिर्देश भी दिए।

**कक्षाओं में दिखा नया उत्साह और ऊर्जा:** प्रार्थना सभा के बाद छात्र-छात्राएँ अपनी-अपनी कक्षाओं की ओर बढ़े, जहाँ उनका स्वागत सुसज्जित और प्रेरणादायक माहौल में किया गया। नई कक्षाओं और नए अवसरों को लेकर विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। शिक्षकगण भी बच्चों को सहज और आनंददायक वातावरण देने में सक्रिय दिखे।

**'मैजिक शक्ति शो' ने बांधा समां:** कार्यक्रम का विशेष आकर्षण प्रयागराज से आए "मैजिक शक्ति शो" रहा। जादूगर की रोमांचकारी प्रस्तुतियों ने बच्चों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तालियों और उत्साह से गूंजता परिसर पूरे दिन जीवंत बना रहा।



**शिक्षा के साथ संस्कार और नवाचार का संगम:** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल, पूर्णिया न केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक है, बल्कि संस्कार, अनुशासन और नवाचार के समन्वय से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध एक आदर्श संस्थान के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए है। मजबूत नींव के साथ सफलता की ओर बढ़ता सत्र

नव सत्र का यह प्रेरणादायक और उत्साहपूर्ण आरंभ निश्चित ही आने वाले पूरे वर्ष में विद्यार्थियों के लिए नई उपलब्धियों और सफलताओं की सशक्त नींव साबित होगा।

# स्थापना दिवस : पूर्णिया में भाजपा का स्थापना दिवस उत्साह उल्लास के संग धूमधाम से मनाया गया

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया**

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल सोमवार को जिला भाजपा कार्यालय पूर्णिया बनभाग स्थित कार्यालय में बड़े ही धूमधाम और पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण के साथ किया गया ! जिसके बाद पार्टी के संस्थापक नेताओं के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी जिला अध्यक्ष भाजपा संजीव कुमार सिंह ने की ! कार्यक्रम मे
मुख्य अतिथि कोढ़ा विधायक कविता पासवान ,मंचाशीन अन्य विशिष्ट अतिथियों मे निवर्तमान अध्यक्ष भाजपा पूर्णियां मनोज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सकलदीप राजपाल कार्यक्रम प्रभारी जिला उपाध्यक्ष अर्चना साह कार्यक्रम सह-प्रभारी जिला मंत्री मीनाक्षी सिन्हा , शुभम झा , जिला संयोजक आईटी सोशल मीडिया उपस्थित रहे ! कार्यक्रम मे मंच संचालन - जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन ने की !
कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह मुकाम कार्यकर्ताओं की मेहनत, समर्पण और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता के कारण हासिल हुआ है। उन्होंने पार्टी के मूल मंत्र "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास" को दोहराते हुए कहा कि भाजपा लगातार देश और समाज के विकास के लिए कार्य कर रही है।



**कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका की अपील**

उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद पार्टी के वरिष्ट नेताओं ने भी अपने संबोधन में भाजपा के स्थापना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।

**स्थापना दिवस कार्यक्रम मे वरिष्ठ नेताओं की रही भागीदरी**

कार्यक्रम मे जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंदु शेखर, रामनारायण मेहता,जिला महामंत्री अरुण राय पुलक, संजय पोद्दार,जिला मंत्री राजीव पांडे, सचिन राय,जिला प्रवक्ता अनिता सिंह,जिला संयोजक आईटी अमृत चौरसिया,डॉ अनिल कुमार गुप्ता, प्रशांत कुमार,पंकजा कुमारी, काली शंकर, महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता वर्मण, भाजयुमो अध्यक्ष सुमित सिंह, सुनील भंशाली,हरे कृष्ण यादव, विजय राय, संजय मोहन, अभ्यम लाल, अमन कुमार सोनू निगम, वीना सूद,राजीव राय, आरती जायसवाल सहित बड़ी संख्या में जेस्ट श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दो अलग-अलग कांड के अभियुक्त गिरफ्तार,जेल

**न्यूज स्केल हरदा**

-------------------

मरंगा थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग कांडों के अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने यह कार्रवाई विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर की। थानाध्यक्ष कौशल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मरंगा थाना कांड संख्या 115/26 के अभियुक्त अलीनगर निवासी मो. महबूब को गिरफ्तार किया गया। वहीं, कांड संख्या 119/26 के अभियुक्त लाइन बस्ती निवासी छोटू दास को भी पुलिस ने दबोच लिया। दोनों आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई जारी है।

# अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु विभिन्न पंचायतों में मॉकड्रिल का आयोजन

**न्यूज स्केल बैसा**

-------------------

प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर अग्निशामक विभाग द्वारा आग से बचाव के लिए मौक ड्रिल कर रहे हैं। इसी कड़ी में रौटा थाना अंतर्गत चाइल्ड केयर स्कूल रौटा एवं विभिन्न स्थानों पर साथ ही अनगढ़ थाना अंतर्गत विभिन्न जगहों पर एवं विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर मॉकड्रिल के माध्यम से एक विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। रौटा थाना अंतर्गत जानकारी देते हुए अग्नि चालक पंकज कुमार, अग्निक विभीषण कुमार , एवं अनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रधान अग्निक ब्रिची शर्मा, अग्नि चालक इंद्रभूषण कुमार एवं अग्निक विकास कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को आग से बचाव के तरीकों के बारे में शिक्षित करना है। विभाग का मानना है कि यदि लोग जागरूक हों, तो आए दिन होने वाली अगलगी की बड़ी आपदाओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है। या समय रहते उन पर काबू पाया जा सकता है। विशेषज्ञों द्वारा दिया गया प्रशिक्षण रौटा एवं अनगढ़ थाना के अग्निशमन दस्ते द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को आग लगने पर अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों का व्यावहारिक प्रदर्शन दिया वही जानकारी देते हुए कहा कि ग्रामीणों को बताया गया कि रसोई गैस या अन्य कारणों से आग लगने पर घबराने के बजाय सूझबूझ से काम लें.आग लगने की स्थिति में तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित करने और घरेलू संसाधनों (जैसे गीला बोरा, बालू आदि) का उपयोग करने की विधि बताई गई.वही टीम ने विभिन्न सार्वजनिक जगहों पर जाकर लोगों को "क्या करें और क्या न करें" के बारे में विस्तार से समझाया।



# भाजपा प्रशिक्षण कार्यशाला का भव्य समापन,उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं में किया नई ऊर्जा का संचार

## "भाजपा विचारधारा नहीं, राष्ट्र निर्माण का संकल्प" — योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान

**न्यूज़ स्केल पूर्णिया,**

श्रीनगर क्षेत्र के कुट्टी हसेली गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन समारोह पूरे उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ। समारोह में नगर निगम की उपमहापौर श्रीमती पल्लवी गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

**अतिथियों का सम्मान और स्वागत:** कार्यक्रम की शुरुआत में भाजपा महिला अध्यक्ष श्रीमती दीपिका कुमारी ने उपमहापौर पल्लवी गुप्ता को अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया। वहीं किसान मोर्चा (बागवानी) के प्रदेश संयोजक अरविंद कुमार उर्फ भोला साह को मंडल अध्यक्ष अखिलेश चौरसिया ने अंगवस्त्र और बुके देकर स्वागत किया।





**संगठन और सेवा भावना पर जोर:** कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में उपमहापौर पल्लवी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती, सेवा भावना और जनहित के कार्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक सशक्त विचारधारा है।

**प्रशिक्षण से मिलती है नई दिशा और ऊर्जा:** कार्यशाला की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा, स्पष्ट दिशा और व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं, जिससे संगठन और अधिक मजबूत होता है।

**प्रमाण पत्र वितरण के साथ समापन:** समापन सत्र में विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उपमहापौर का गर्मजोशी से स्वागत किया।

**जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान**

भाजपा नेत्री सह उप महापौर पल्लवी गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि हर जरूरतमंद को उसका लाभ मिल सके।

**ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित**

कार्यक्रम में श्रीनगर दक्षिण भाग भाजपा के मंडल अध्यक्ष श्री अखिलेश चौरसिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष संजय, उपाध्यक्ष उदय प्रताप वास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती दीपिशा कुमारी, महिला मंत्री श्रीमती राजकुमारी, महिला महामंत्री श्रीमती रेखा सहित कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नवीन सत्र 2026-27 का शुभारंभ, वैदिक मंत्रों के बीच गूंजा विद्यालय परिसर

**न्यूज़ स्केल,बड़हरा कोठी।**

बड़हरा कोठी प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्या भारती की इकाई मां दुर्गा सरस्वती शिशु मंदिर, वासुदेवपुर में सोमवार को नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण वैदिक मंत्रोच्चारण और मां सरस्वती की आराधना से भक्तिमय हो उठा।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष अवधेश जायसवाल, पूर्णिया संकुल संयोजक सह कोषाध्यक्ष विंदेश्वरी महतो, सह सचिव मनीष कुमार भगत, समिति सदस्य कपिलेश्वर पोद्दार सहित विद्यालय के आचार्यगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय कुमार झा ने सभी छात्र-छात्राओं के माथे पर रोली-चंदन का तिलक लगाकर नए सत्र की शुभकामनाएं दीं। वहीं कक्षाचार्यों द्वारा भी भैया-बहनों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर नए कक्षाओं में प्रवेश कराया गया, जिससे पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया।नए सत्र में प्रवेश को लेकर छात्र-छात्राओं में खासा उत्साह देखा गया। विद्यालय परिवार ने इसे ज्ञान, संस्कार और उज्ज्वल भविष्य की नई शुरुआत के रूप में मनाया।



# भाजपा स्थापना दिवस पर बनमनखी में वरिष्ठ नेताओं का सम्मान,

**न्यूज़ स्केल बनमनखी**

----------------------

भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर बनमनखी नगर मंडल द्वारा रविवार को धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष संतोष चौरसिया द्वारा पार्टी का ध्वजारोहण किया गया तथा वरिष्ठ नेताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता विजय सिंह, वीर नारायण गुप्ता, वीरेंद्र सिंह एवं अवधेश साह को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं ने भाजपा के इतिहास, विचारधारा और विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूर्व जिला अध्यक्ष वीर नारायण गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्रवादी संकल्प, पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन और अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व से प्रेरित भाजपा आज "राष्ट्र सर्वोपरि" की भावना का प्रतीक बन चुकी है। वहीं पूर्व जिला महामंत्री विजय सिंह ने कहा कि लाखों कार्यकर्ताओं के तप, त्याग और समर्पण ने भाजपा को एक विराट संगठन के रूप में स्थापित किया है, जो आज नए भारत की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व कर रहा है। वरिष्ठ नेता अवधेश साह ने बताया कि 6 अप्रैल 1980 को दिल्ली में भाजपा की स्थापना हुई थी, जो आज 46 वर्षों में विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। कार्यक्रम में रणजीत गुप्ता ने पार्टी के स्थापना काल का उल्लेख करते हुए बताया कि मुंबई में हुए प्रथम अधिवेशन में अटल बिहारी वाजपेयी को पार्टी का प्रथम राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। उन्होंने कहा कि उस समय रखी गई नींव आज विशाल वटवृक्ष के रूप में विकसित हो चुकी है। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष संतोष चौरसिया, बी कोठी मंडल अध्यक्ष मंटू कुमार दास, वीर नारायण गुप्ता, अवधेश साह, वीरेंद्र सिंह, रणजीत गुप्ता, ब्रजमोहन सिंह, अशोक मुखिया, महेश पोद्दार, सौरभ कृष्णा सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



# जनता दरबार में 35 मामलों की सुनवाई, त्वरित समाधान के निर्देश

**न्यूज स्केल अररिया,**



सात निश्चय 3.0 के अंतर्गत "सबका सम्मान–जीवन आसान" कार्यक्रम के तहत समाहरणालय स्थित आत्मन सभागार में आयोजित जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से आए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई की गई। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 35 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन पर क्रमवार विचार किया गया।

**विभिन्न मामलों की हुई विस्तृत सुनवाई:** जनता दरबार में पहुंचे लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं सीधे जिला पदाधिकारी के समक्ष रखीं। इनमें भूमि विवाद, राशन कार्ड, अनुकंपा बहाली और सहकारी संस्थाओं में अनियमितताओं से जुड़े मामले प्रमुख रहे। सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

**भूमि विवाद और अवैध कब्जे के मामले प्रमुख:** फरियादी गणेश यादव ने जबरन जमीन पर कब्जा कर जोतने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं चौथी ऋषिदेव ने फर्जी जमाबंदी रद्द करने की मांग रखी। कालेश्वर ठाकुर ने जमीन से बेदखल किए जाने का मामला उठाया, जिस पर प्रशासन ने जांच के निर्देश दिए।

**राशन कार्ड और अनुकंपा से जुड़ी समस्याएं:** फरहानाज ने राशन कार्ड में नाम जोड़ने की समस्या रखी। वहीं पूनम देवी ने अनुकंपा के आधार पर बहाली की मांग की। इन मामलों को भी संबंधित विभागों को भेजकर शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया।

**सहकारी समिति में अनियमितता की शिकायत:** राजेश कुमार राज ने प्राथमिक कृषि साख समिति लक्ष्मीपुर में अनियमितताओं की शिकायत की। जिला पदाधिकारी ने इस मामले में विस्तृत जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं का पारदर्शी एवं त्वरित समाधान करना है, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# डीएम का आरटीपीएस के कार्यों की समीक्षा, लंबित आवेदनों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**न्यूज स्केल अररिया,**



अररिया (बिहार) में सोमवार को जिलाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आरटीपीएस (Right to Public Service) से जुड़े कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस बैठक में सभी अंचल अधिकारी एवं संबंधित पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान विभिन्न सेवाओं की प्रगति और लंबित मामलों की स्थिति का आकलन किया गया।

**जाति, आवासीय और आय प्रमाण पत्र आवेदनों की समीक्षा** बैठक में जाति, आवासीय एवं आय प्रमाण पत्र सहित ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि काउंटर पर आवेदन की संख्या बढ़ाई जाए और आम लोगों को आवेदन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग समय पर आवेदन कर सकें। साथ ही कार्यपालक सहायकों के जन परिचय आईडी को सक्रिय करने का भी निर्देश दिया गया।

**लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन पर जोर:** ऑनलाइन सर्विस प्लस पोर्टल के तहत जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र से संबंधित लंबित आवेदनों को शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कई प्रखंडों में एमओ स्तर पर राशन कार्ड से जुड़े आवेदन लंबित हैं, जिनमें अररिया, भरगामा, पलासी और रानीगंज शामिल हैं। जिलाधिकारी ने इन सभी मामलों का अविलंब निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा।

**मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना एवं पंचायत स्तर पर संचालन** बैठक में मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत सीडीपीओ स्तर पर लंबित मामलों को प्राथमिकता से निपटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही पंचायत स्तर पर आरटीपीएस केंद्रों के सुचारू संचालन पर भी जोर दिया गया, ताकि नागरिकों को स्थानीय स्तर पर ही सेवाएं आसानी से उपलब्ध हो सकें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि लंबित आवेदनों का समयबद्ध निपटारा कर पारदर्शी एवं प्रभावी सेवा सुनिश्चित करें।

# कटिहार में कृषि विज्ञान केन्द्रों की वार्षिक कार्य योजना पर चर्चा




**कटिहार,** (हि.स.)। बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के अंतर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र कटिहार में 22 कृषि विज्ञान केन्द्रों की वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2026 की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ एस. के. पाठक ने किसानों की आय बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय और परिषद की तकनीकों को अपनाने का आग्रह किया।

अटारी पटना के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. डी. वी. सिंह ने किसानों की आजीविका सुधारने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कृषि विज्ञान केन्द्रों को किसानों के खेतों में नई तकनीकों का प्रदर्शन करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने की सलाह दी।कार्यशाला में कटिहार जिले में उत्पादित होने वाली प्रमुख फसलों मखाना और मक्का के संबंध में भी चर्चा की गई। कृषि विज्ञान केन्द्र कटिहार के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ मृणाल वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर 12 कृषि विज्ञान केन्द्रों ने अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत की, जिसमें उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में की जाने वाली गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यशाला का संचालन कृषि वैज्ञानिक पंकज कुमार ने किया।

# कटिहार में गैस आपूर्ति सामान्य, 13926 सिलेंडर उपलब्ध

**न्यूज स्केल कटिहार,**




पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच गैस आपूर्ति को लेकर फैलाई जा रही अफवाहों पर ध्यान न देने की जिला प्रशासन ने अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है।

जिला प्रशासन के अनुसार कटिहार के तीनों अनुमंडल क्षेत्रों में कुल 54 गैस डिस्ट्रीब्यूटर्स के पास वर्तमान में 13,926 घरेलू एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं। इसके अलावा कल 5,199 सिलेंडरों की आपूर्ति की गई थी, जबकि आज भी 2,405 सिलेंडर और उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी उपभोक्ताओं को आवश्यकतानुसार सिलेंडर उपलब्ध करा दिए जाएंगे।

प्रशासन ने आमजन से धैर्य बनाए रखने और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। साथ ही लोगों की सुविधा के लिए हेल्पलाइन नंबर 06452-239025 और 239026 जारी किए गए हैं, जहां संपर्क कर किसी भी समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त, गैस की कालाबाजारी और अवैध भंडारण पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने 16 धावा दलों का गठन किया है। अब तक 460 स्थानों पर छापेमारी की जा चुकी है, जिसके दौरान 5 प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं।

# रंग-ए-सुखन और 'खामोशी बोलती है' पुस्तक का विमोचन

**न्यूज स्केल कटिहार,**



कटिहार (बिहार) के रामपाड़ा स्थित बड़ी मस्जिद के समीप रविवार को एक साहित्यिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर के प्रसिद्ध शायर साक़िब कलीम के काव्य संग्रह "रंग-ए-सुखन" तथा हिंदी संग्रह "खामोशी बोलती है" का भव्य विमोचन किया गया। कार्यक्रम में साहित्य, समाज और शिक्षा जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग तथा साहित्य प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कटिहार में आयोजित यह आयोजन साहित्यिक माहौल से सराबोर रहा।

**अतिथियों और वक्ताओं की मौजूदगी:** कार्यक्रम की अध्यक्षता उर्दू के प्रोफेसर डॉ. अनवर इरज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दी साहित्य अकादमी के देवेंद्र कुमार देवेस तथा इस्लामिया उच्च विद्यालय के प्राचार्य डॉ. नदीम अहमद खान उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में कई साहित्यकार और सामाजिक हस्तियां शामिल हुईं, जिन्होंने लेखक के साहित्यिक योगदान की सराहना की।

**काव्य गोष्ठी और सम्मान** कार्यक्रम के दौरान एक काव्य गोष्ठी का भी आयोजन हुआ, जिसमें कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वक्ताओं ने कहा कि दोनों पुस्तकें हिंदी और उर्दू साहित्य में महत्वपूर्ण योगदान हैं। अंत में आयोजकों ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने का संकल्प लिया।

सुनसान जगह का लाभ उठाने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच में जुटी हुई है।

# किशनगंज में फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह पर कार्रवाई, एक और आरोपित गिरफ्तार

**न्यूज स्केल किशनगंज,**



किशनगंज पुलिस ने सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय फर्जी दस्तावेज एवं अवैध आधार कार्ड बनाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के खिलाफ अभियान को तेज करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर एसटीएफ के साथ संयुक्त छापेमारी लगातार जारी है।

**प्रिंटिंग प्रेस की आड़ में चल रहा था फर्जीवाड़ा:** टेढ़ागाछ थाना कांड संख्या 112/26 (दिनांक 02 अप्रैल 2026) में वांछित आरोपी साजिद रब्बानी को 05 अप्रैल 2026 को टेढ़ागाछ थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान साजिद रब्बानी, निवासी श्यामपुर थाना पलासी, जिला अररिया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार वह प्रिंटिंग प्रेस की आड़ में फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करता था और क्लोन बायोमेट्रिक फिंगरप्रिंट बनाकर अवैध आधार कार्ड गिरोह को सप्लाई करता था।

**अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा:** जांच में सामने आया है कि इन क्लोन फिंगरप्रिंट का उपयोग गिरोह का मुख्य सरगना मनोहर कुमार आधार कार्ड बनाने वाले सॉफ्टवेयर को संचालित करने में करता था। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-2 मंगलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई।

**अब तक तीन गिरफ्तार, जांच जारी:** 02 अप्रैल को ही टेढ़ागाछ क्षेत्र में एक किराना दुकान पर छापेमारी कर गिरोह के सरगना को पकड़ा गया था। इस मामले में भारतीय न्याय संहिता 2023 और आईटी एक्ट की धारा 66(सी) व 66(डी) के तहत प्राथमिकी दर्ज है। अब तक तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है और पुलिस अन्य फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। छापेमारी टीम में कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी, साइबर थाना, जिला आसूचना इकाई, एसटीएफ और स्थानीय पुलिस शामिल रही।

# 10 हजार के इनामी वांछित अपराधी को पुलिस ने दबोचा, फायरिंग कांड में था फरार

**न्यूज स्केल कटिहार,**



■ बलिया बेलौन थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई, SIT के सहयोग से छापेमारी कर आरोपी गिरफ्तार

जिले के बलिया बेलौन थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये के इनामी वांछित अपराधी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की मो. सलाम, पिता मो. सरफुद्दीन, निवासी नदियार पेलापुर (थाना बलिया बेलौन) का रहने वाला है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,शनिवार को तेलता थाना क्षेत्र के माधोपुर निवासी मो. शकील ने आवेदन देकर बताया था कि शाम करीब 7:40 बजे मो. वसीम अपने एक साथी के साथ मोटरसाइकिल से उसके घर पहुंचा। इस दौरान वसीम के साथी ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। हालांकि, वह बाल-बाल बच गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से वसीम को पकड़ लिया गया, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया था।

इस मामले में तेलता थाना कांड संख्या 63/25 के तहत भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं एवं आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बारसोई के नेतृत्व में विशेष टीम (SIT) का गठन किया गया।

गठित टीम ने तकनीकी अनुसंधान एवं गुप्त सूचना के आधार पर 6 अप्रैल 2026 को छापेमारी कर फरार चल रहे आरोपी मो. सलाम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है और उसके खिलाफ पूर्व में भी कई मामले दर्ज हैं।

पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। वहीं, अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# 16 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



**अररिया** (हि.स.)। अररिया नगर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 16 लीटर विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।अपर थानाध्यक्ष संजीव कुमार को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी, जिसमें एक टीम गठित कर टीम में शामिल एसआई राज नारायण यादव,कुमारी पुष्पलता और पुष्कर सिंह ने मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। प्राप्त सूचना पर कुसियारगांव समीप स्थित मरंगा ढाबा के पास पूर्णिया की ओर से आ रही एक बस को रुकवाकर जब तलाशी ली गई तो अंग्रेजी शराब के अलग-अलग दो ब्रांड के 21 बोतल में 15.75 लीटर शराब बरामद किया गया।वहीं एक शराब कारोबारी को भी हिरासत में लिया गया, गिरफ्तार शराब कारोबारी फारबिसगंज थाना के भागकोहलिया वार्ड संख्या 07 निवासी 20 वर्षीय विष्णु कुमार पिता रंजन गिरी है।

गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मौके पर नगर थाना के एएसआई ललित कुमार सिंह और चौकीदार करण पासवान कार्रवाई के दौरान मौजूद

# किशनगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 60.615 लीटर विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**न्यूज स्केल किशनगंज**



किशनगंज पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सुखानी थाना क्षेत्र में की जा रही सघन वाहन जांच के दौरान 60.615 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। इस कार्रवाई में एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुए एक वाहन भी जब्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार को एनएच-327E पर वाहन जांच के क्रम में एक संदिग्ध आई-10 कार (नंबर BR10K3111) को रोका गया। तलाशी लेने पर कार से पश्चिम बंगाल निर्मित विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब बरामद हुई। मौके पर ही चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान वीरबल यादव (उम्र 42 वर्ष), निवासी धमदाहा, पूर्णिया के रूप में हुई है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें शराब तस्करी और अन्य धाराएं शामिल हैं।पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही, शराब तस्करी के नेटवर्क की जांच कर आगे जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

# अररिया साइबर पुलिस ने फारबिसगंज में फर्जी आधार कार्ड गिरोह का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

**न्यूज स्केल अररिया**



जिले के साइबर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए फारबिसगंज बाजार स्थित ज्योति कॉम्प्लेक्स में छापेमारी कर फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस कार्यवाई के दौरान पुलिस ने मौके से एक आरोपित मो० मोहसिन आलम उर्फ सोनू (38 वर्ष) को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस द्वारा की गई इस छापेमारी में भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई है। जब्त सामानों में लैपटॉप, आधार फिंगर स्कैनर, रेटिना स्कैनर, मोबाइल फोन, वेब कैमरा (HP 1080P W300) सहित 53 पन्नों के अवैध दस्तावेज शामिल हैं।

अररिया साइवर थाना पुलिस के मुताबिक प्राथमिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आरोपी फर्जी आईडी के जरिए आधार नामांकन एवं अपडेट का अवैध कार्य कर रहा था। साइबर पुलिस के अनुसार यह गतिविधि न केवल धोखाधड़ी का मामला है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी बेहद गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

साइबर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस इस गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में भी जुटी हुई है।

# कोशी प्रमंडल आयुक्त ने समाहरणालय सुपौल की विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण, 55 परिवादियों की सुनी समस्याएं

## आयुक्त ने संबंधित विभागों को शिकायतों के शीघ्र और समन्वित समाधान के निर्देश दिए

**न्यूज स्केल सुपौल**

कोशी प्रमंडल के आयुक्त राजेश कुमार ने सोमवार को समाहरणालय सुपौल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं का बारीकी से अवलोकन कर कार्यप्रणाली की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने स्पष्ट किया कि सरकारी कार्यालयों में कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता और समयबद्धता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।




**विभिन्न शाखाओं का किया निरीक्षण**: आयुक्त ने जिला स्थापना शाखा, जिला अभिलेखागार शाखा, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, जिला परिषद सुपौल, जिला विधि शाखा, जिला आपूर्ति शाखा तथा जिला भू-अर्जन शाखा सहित कई कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने इन शाखाओं में चल रहे कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और अभिलेखों के रख-रखाव की स्थिति का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी दस्तावेजों को सुव्यवस्थित ढंग से संधारित रखा जाए, ताकि आवश्यक जानकारी तुरंत उपलब्ध हो सके।

**जन-संवाद में 55 परिवादियों की समस्याएं सुनीं**: निरीक्षण के पश्चात आयुक्त ने समाहरणालय परिसर में आयोजित जन-संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान कुल 55 परिवादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। आयुक्त ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निष्पादन प्रशासन की जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करना होगा।इस अवसर पर समाहरणालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। आयुक्त ने अंत में सभी अधिकारियों को जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने की सलाह दी।

**जनता से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर**: निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि आम जनता से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यालयों में आने वाले लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे लोगों का विश्वास और अधिक मजबूत हो।




# रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस का सघन जांच अभियान, संदिग्ध लोगों व वाहनों की हुई जांच



**न्यूज स्केल सुपौल**

पुलिस अधीक्षक शरथ आर एस के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में रात्रि गश्ती के दौरान सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान अवैध शराब, गांजा एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की गहन जांच की गई।

अभियान के क्रम में वाहनों के आवश्यक कागजातों का भी विधिवत सत्यापन किया गया, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

पुलिस द्वारा चलाए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में विधि-व्यवस्था बनाए रखना, आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। सुपौल पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें और सुरक्षित ड्राइविंग को प्राथमिकता दें।

# घरेलू गैस के वाणिज्य प्रयोग और कालाबाजारी के आरोप में अबतक तीन प्राथमिकी दर्ज

## - जिले के गैस एजेंसियों के पास करीब 13808 गैस सिलेंडर का है भंडारण

**न्यूज स्केल सुपौल**

सुपौल में एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और कालाबाजारी व जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन लगातार निगरानी कर रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों में आपूर्ति पदाधिकारी, थाना अध्यक्ष एवं अन्य संबंधित कर्मियों को प्रतिनियुक्त कर उठाव और वितरण की नियमित जांच की जा रही है। प्रशासन के अनुसार वर्तमान में जिले की 51 गैस एजेंसियों में से 46 एजेंसियों पर एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं, जबकि शेष एजेंसियों में भी शीघ्र आपूर्ति की संभावना जताई गई है।



**स्टॉक और आपूर्ति की स्थिति संतोषजनक**: जिला आपूर्ति पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिले में लगभग 13,808 गैस सिलेंडरों का भंडार उपलब्ध है। 5 अप्रैल को करीब 3,037 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए गए, जबकि 23,798 उपभोक्ताओं की बुकिंग के आधार पर आपूर्ति लंबित है। तेल कंपनियों द्वारा अस्पतालों और सरकारी संस्थानों को वाणिज्यिक सिलेंडरों की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है।

**जांच और नियंत्रण कक्ष की व्यवस्था**: जिला प्रशासन द्वारा अब तक 51 में से 22 गैस एजेंसियों की जांच की जा चुकी है। साथ ही 19 होटलों और प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर अनियमितताओं की जांच की गई है। जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय, सुपौल में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका संचालन प्रभारी सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी विकास कुमार कर्ण की देखरेख में हो रहा है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06473-224005 है, जहां से शिकायतों का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

**कालाबाजारी पर कार्रवाई और अपील**: अब तक घरेलू गैस के वाणिज्यिक उपयोग और कालाबाजारी के मामलों में तीन प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त है और तत्काल किसी संकट की संभावना नहीं है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे गैस एजेंसियों पर भीड़ न लगाएं और घबराकर अतिरिक्त सिलेंडर जमा न करें, क्योंकि होम डिलीवरी के माध्यम से नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है।

- लगभग 23,798 उपभोक्ताओं की बुकिंग के आधार पर आपूर्ति लंबित है।
- अब तक 51 में से 22 गैस एजेंसियों और 19 होटलों/प्रतिष्ठानों की जांच एवं छापेमारी की गई है।
- जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय में नियंत्रण कक्ष स्थापित है, जहां शिकायतों का त्वरित निपटारा किया जा रहा है।

# मौसम का बदला मिजाज : अप्रैल में ही तेज गर्मी से लोग बेहाल

**न्यूज स्केल त्रिवेणीगंज**

प्रखंड क्षेत्र में मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। अप्रैल की शुरुआत में ही तेज धूप और बढ़ते तापमान ने जनजीवन पर असर डालना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 37 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 20 डिग्री दर्ज किया गया, जिससे दोपहर के समय लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। अभी से दोपहर के समय शहर की सड़कों पर छिटफुट रूप से सन्नाटा देखने को मिलने लगा है। लोग तेज धूप से बचने के लिए पेड़ों की छांव में बैठकर राहत लेते नजर आने लगे हैं। मुख्य सड़क पर छात्राएं गमछा ओढ़कर आवागमन करती दिखीं। वहीं मेला ग्राउंड के काली मंदिर प्रांगण में आसपास भी लोग छाया में आराम करते नजर आए। उधर मौसम में अचानक बदलाव के कारण सर्दी-जुकाम और बुखार के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है। अनुमंडल अस्पताल की इमरजेंसी में डॉक्टर लगातार मरीजों की जांच कर दवाइयां दे रहे हैं। चिकित्सकों का कहना है कि बदलते मौसम में सावधानी बरतना बेहद जरूरी है। गर्मी के असर से शहर के चौक-चौराहों पर ठंडे पेय पदार्थ, शरबत और लस्सी की बिक्री में तेजी आई है। लोग गर्मी से राहत पाने के लिए इनका सेवन करते दिखाई दे रहे हैं। दुकानों पर दिनभर भीड़ बनी रहती है। मौसम में हो रहे बदलाव से किसानों की चिंता भी बढ़ गई है। आसमान में उमड़ते बादल और आंधी की संभावना से गेहूं की फसल को नुकसान का डर बना हुआ है। किसानों का कहना है कि यदि इस समय बारिश या ओलावृष्टि होती है, तो उनकी पूरी फसल बर्बाद हो सकती है और आर्थिक संकट खड़ा हो जाएगा। स्थानीय लोगों का मानना है कि अगर अप्रैल में ही इतनी गर्मी पड़ रही है, तो मई और जून में तापमान अधिकतम तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने भी आने वाले दिनों में तापमान बढ़ने की संभावना जताई है।

# दहेज प्रथा की कुरीति रोकने को समाज से जागरूकता की अपील - आलोक आनंद

**न्यूज स्केल बलुआ बाजार**

छातापुर प्रखंड क्षेत्र के ठूठी निवासी अभियंता आलोक आनंद मेहता ने दहेज प्रथा को लेकर अपना मंतव्य जाहिर किया है । उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति आज भी समाज के लिए एक गंभीर समस्या बनी हुई है। इसे रोकने के लिए सरकार द्वारा कई सख्त कानून बनाए गए हैं, बावजूद इसके कई स्थानों पर दहेज को लेकर प्रताड़ना और विवाद की घटनाएं सामने आती रहती हैं। समाज के बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए लोगों से जागरूक होने और इसके



खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। समाज के लोगों का कहना है कि दहेज के कारण कई गरीब परिवार आर्थिक बोझ तले दब जाते हैं और बेटियों की शादी करना उनके लिए बड़ी चुनौती बन जाती है। कई मामलों में दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित भी किया जाता है, जो कि कानूनन अपराध है। सामाजिक संगठनों ने कहा कि दहेज प्रथा को समाप्त करने के लिए समाज के हर वर्ग को आगे आना होगा। लोगों को चाहिए कि वे दहेज मुक्त विवाह को बढ़ावा दें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विशेषज्ञों का मानना है कि शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से ही इस कुरीति को समाप्त किया जा सकता है। यदि समाज मिलकर संकल्प ले तो दहेज प्रथा जैसी बुराई को खत्म कर एक स्वस्थ और समानता पर आधारित समाज का निर्माण किया जा सकता है।

# भीमपुर के ठूठी में पटना पुलिस की छापेमारी, युवती सकुशल बरामद

**न्यूज स्केल बलुआ बाजार**

भीमपुर थाना क्षेत्र के ठूठी पंचायत स्थित वार्ड नंबर एक में उस समय हलचल मच गई जब पटना पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की। यह कार्रवाई एक युवती के कथित अपहरण मामले को लेकर की गई, जिसकी शिकायत शास्त्रीनगर थाना में दर्ज कराई गई थी। पुलिस की इस संयुक्त कार्रवाई में युवती को सकुशल बरामद कर लिया गया।

**छापेमारी में युवती बरामद, आरोपी फरार**: पटना पुलिस की टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से ठूठी पंचायत स्थित घर पर छापेमारी की। इस दौरान युवती को सुरक्षित बरामद कर लिया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के लिए उसे पटना ले जाया गया। हालांकि, छापेमारी के दौरान आरोपी युवक मौके से फरार हो गया।

- जनवितरण विक्रेता गणेश राम के घर से युवती को सकुशल बरामद किया गया।
- यह मामला पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज अपहरण शिकायत से जुड़ा है।

**आरोपी पर प्रेम जाल में फंसाने का आरोप**: मिली जानकारी के अनुसार जनवितरण प्रणाली विक्रेता गणेश राम के पुत्र हरिवंश कुमार आजाद पर आरोप है कि उसने पटना में पढ़ाई के दौरान एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया और उसे अपने साथ भगा ले गया। बताया जाता है कि वह युवती को अपने घर भी लेकर आया था, जिसके बाद मामला सामने आया।

**पूछताछ के बाद छोड़े गए दो लोग**: छापेमारी के दौरान पुलिस ने गणेश राम की पत्नी सहित दो लोगों को पूछताछ के लिए भीमपुर थाना ले जाया। घंटों पूछताछ के बाद युवती की बरामदगी होने पर दोनों को छोड़ दिया गया। इस संबंध में भीमपुर थाना अध्यक्ष मिथिलेश पांडे ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# सीमावर्ती क्षेत्र में एसएसबी की बड़ी कार्रवाई, 263 किलोग्राम गांजा बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार

**न्यूज स्केल, वीरपुर**

भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चलाकर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार एसएसबी की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सीमावर्ती इलाके में छापेमारी की, जहां तस्करों द्वारा मक्का के खेत में छुपाकर रखे गए 263 किलोग्राम गांजा को जब्त किया गया।



कार्रवाई के दौरान एसएसबी जवानों ने मौके से 166 पीस नशीली दवा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक पूछताछ में तस्करी से जुड़े कई अहम सुराग मिलने की बात कही जा रही है। गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ कर तस्करी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

एसएसबी द्वारा की गई तलाशी के दौरान तस्करी से संबंधित कपड़े, खाद्य पदार्थ समेत अन्य सामान भी जब्त किए गए हैं। बताया जा रहा है कि तस्कर इन सामानों का इस्तेमाल सीमावर्ती क्षेत्रों में छिपकर तस्करी के काम को अंजाम देने के लिए करते थे।

एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए लगातार सघन अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती इलाकों में गश्त और निगरानी को और सख्त कर दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके।

अधिकारियों के अनुसार जब्त गांजा, नशीली दवाओं और गिरफ्तार आरोपी को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित एजेंसियों को सौंपने की प्रक्रिया की जा रही है।

# समकालीन अभियान में भीमपुर पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार



**न्यूज स्केल बलुआ बाजार**

भीमपुर थाना पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के जीवछपुर पंचायत के बेलागंज वार्ड नंबर 12 से दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी स्व नेपाली सहनी के पुत्र जगदीश सहनी व बेलागंज वार्ड 13 निवासी प्रितम मुखिया के पुत्र चन्देश्वर मुखिया बताया जा रहा है। पुलिस को लंबे समय से इनकी तलाश थी। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी कर दोनों वारंटी को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। इस बाबत भीमपुर पुलिस ने बताया कि दोनो वारंटी के विरुद्ध न्यायालय से जारी वारंट के आलोक में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत के लिए भेज दिया गया है।

# रात्रि गश्ती के क्रम में तीन शराबी गिरफ्तार, भेजे गए न्यायिक हिरासत में





**न्यूज स्केल प्रतापगंज**

पुलिस ने रविवार की रात्रि गश्ती के दौरान इमामपट्टी इलाके से शराब के नशे में हंगामा कर रहे दो युवकों को तथा एक व्यक्ति को भवानीपुर से गिरफ्तार किया। तीनों को पकड़कर थाना लाया गया। जहां पूछताछ के दौरान उनकी पहचान में एक बिजेंद्र कुमार सादा वार्ड संख्या 11, थाना छातापुर तथा दूसरा पिंटू कुमार बलभद्रपुर, थाना बलुआ निवासी के रूप में पहचान हुई है। जबकि तीसरा शराबी भवानीपुर उत्तर पंचायत के वार्ड 15 निवासी चंद्रश्वरी धिरकार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि गश्ती के दौरान इमामपट्टी में दोनों युवक नशे की हालत में हो-हल्ला कर रहे थे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों को गिरफ्तार कर लिया। जबकि तीसरा शराबी चंद्रेश्वरी भी भवानीपुर उत्तर पंचायत में शराब पीकर हंगामा कर रहा था। गिरफ्तार तीनों शराबियों के विरूद्ध मधनिषेध की सुसंगत धारा में आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार तीनों को पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# अगलगी एवं लू से निपटने को लेकर अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक, तैयारियों को लेकर दिए गए निर्देश

न्यूज स्केल मोतिहारी।



बिहार मौसम सेवा केंद्र, पटना एवं भारत मौसम विभाग द्वारा अप्रैल माह से भीषण गर्मी और लू चलने की चेतावनी एवं अलर्ट के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता श्री मुकेश कुमार सिंहा की अध्यक्षता में डॉ. राधाकृष्णन सभागार में अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लू और अगलगी की घटनाओं से निपटने के लिए विभिन्न विभागों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

**पेयजल, भूजल एवं नगर निकायों की भूमिका:** पीएचईडी विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि खराब चापाकलों की मरम्मत के लिए धावादल का गठन किया गया है तथा 50 नए चापाकलों की स्थापना की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, जिस पर कार्रवाई जारी है। जिले में भूजल स्तर की नियमित समीक्षा की जा रही है। सभी नगर निकायों को भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में प्याऊ स्थापित करने तथा आश्रय स्थलों पर पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। **अगलगी रोकथाम एवं राहत कार्यों की तैयारी:** जिले में अगलगी की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए अग्निशमन विभाग को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। आपदा प्रबंधन विभाग के तहत अगलगी पीड़ित परिवारों को 24 घंटे के भीतर 12 हजार रुपये की सहायता राशि (GR) तथा वस्त्र-बर्तन उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त गृह क्षति का भी भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। सभी अंचल अधिकारियों एवं अनुमंडल पदाधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में तत्पर रहने का निर्देश दिया गया। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

**स्वास्थ्य विभाग की तैयारियाँ और निर्देश:** बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा बताया गया कि अनुमंडलीय अस्पतालों एवं सदर अस्पताल में कूलिंग रूम एवं विशेष बेड की व्यवस्था की गई है, ताकि लू से प्रभावित मरीजों को तत्काल उपचार मिल सके। अपर समाहर्ता ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पर्याप्त मात्रा में ORS घोल एवं आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही प्राथमिक उपचार व्यवस्था को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया।

# नवादा सदर में यातायात प्रबंधन को लेकर बैठक आयोजित, सुचारू व्यवस्था पर जोर

न्यूज स्केल नवादा



दिनांक 06-04-2026 को अपराहन 05:00 बजे नवादा सदर के अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय प्रकोष्ठ में शहर में यातायात प्रबंधन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा की गई। इसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-01, नवादा, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), नवादा, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, नवादा, प्रभारी अंचल अधिकारी, नवादा सदर तथा थानाध्यक्ष, नगर थाना, नवादा उपस्थित रहे। बैठक में शहर में बढ़ते यातायात दबाव, जाम की समस्या, प्रमुख मार्गों पर सुगम आवागमन सुनिश्चित करने तथा ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए कि वे आपसी समन्वय स्थापित कर यातायात व्यवस्था को प्रभावी एवं सुचारू बनाने के लिए ठोस कदम उठाएं, ताकि आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी, छह पर प्राथमिकी दर्ज

न्यूज स्केल मोतिहारी।



जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिले के सीमावर्ती एवं विभिन्न प्रखंडों में उर्वरक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। खरीफ 2026 को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा कुल 52 उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर सघन जांच की गई। निरीक्षण के दौरान पीओएस मशीन में दर्ज उर्वरक और गोदाम में उपलब्ध भौतिक स्टॉक का मिलान किया गया। जांच के क्रम में छह प्रतिष्ठानों को अनियमित उर्वरक व्यापार में संलिप्त पाया गया, जिसके विरुद्ध संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इनमें आदापुर प्रखंड स्थित मेसर्स विजय खाद भंडार (प्रो. सर्वेश कुमार), घोड़ासहन प्रखंड के मेसर्स ओम साईं कृषि सेवा केंद्र, चम्पापुर कोईरिया तथा मेसर्स विकास खाद बीज भंडार, छौड़ादानों प्रखंड के मेसर्स सिद्धि खाद भंडार (प्रो. गुड्डू कुमार) और मेसर्स जय माता दी ट्रेडर्स, धरहरी शामिल हैं। इसके अलावा बनकटवा प्रखंड में एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि सभी संबंधित उर्वरक प्रतिष्ठानों के अनुज्ञप्ति रद्द कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध उर्वरक भंडारण और कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार छापेमारी जारी रहेगी। उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी परिस्थिति में अनियमितता बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

# नवादा में जनसुनवाई : 23 शिकायतों पर की गई त्वरित कार्रवाई

न्यूज स्केल नवादा



बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत "सबका सम्मान-जीवन आसान" कार्यक्रम के अंतर्गत नवादा जिले में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी क्रम में प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है, ताकि नागरिकों को अपनी शिकायतों के निवारण में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

**जिला स्तर पर हुई जनसुनवाई**

जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान कुल 23 शिकायतें दर्ज की गईं। कई मामलों का जिला पदाधिकारी द्वारा मौके पर ही निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु भेज दिया गया।

**प्रमुख शिकायतें और मामले**

जनसुनवाई में थाना-रोह के ग्राम बाराचक निवासी महेन्द्र यादव ने भूमि विवाद से संबंधित, थाना-गोविंदपुर के ग्राम डेरा निवासी शिवदानी प्रसाद यादव ने चापाकल मरम्मती, थाना-अकबरपुर के ग्राम बसंत नगर निवासी द्वारिका राजवंशी ने जमीनी विवाद तथा थाना-मुफस्सिल के ग्राम अकौना निवासी राकेश कुमार ने 11 हजार वोल्ट के तार की मरम्मत से संबंधित आवेदन दिया।

**अधिकारियों को दिए निर्देश**

जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में अपर समाहर्ता सहित सदर एवं रजौली अनुमंडल तथा अन्य स्तरों पर भी जनसुनवाई आयोजित कर समस्याओं के समाधान की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया।

# नवादा के रजौली चेक पोस्ट पर जांच के बाद पलटी स्कार्पियो से लाखों का शराब बरामद



**नवादा** (हि.स.)। नवादा में बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित रजौली जांच चौकी एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। सोमवार को चेक पोस्ट पार करने के कुछ ही दूरी पर अंग्रेजी शराब से लदी एक स्कॉर्पियो ओवरब्रिज के पास पलट गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि जांच चौकी पर वाहन की जांच की गई थी, इसके बावजूद शराब से भरी गाड़ी को आगे बढ़ने दिया गया। दुर्घटना के बाद चाक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्कॉर्पियो के पीछे एक अन्य वाहन भी चल रहा था, जिसमें सवार होकर चालक के भागने की आशंका है। घटना के बाद लोगों ने जांच चौकी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि यहां केवल औपचारिक जांच होती है और "सेटिंग" के जरिए अवैध कारोबार को बढ़ावा दिया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर लिया। मामले की जांच जारी है। इस घटना के बाद उत्पाद विभाग और जिला प्रशासन की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लग गया है। स्थानीय लोगों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# छपरा में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राजस्व समन्वय समिति की बैठक, भूमि व वाद निष्पादन पर दिए महत्वपूर्ण निर्देश

न्यूज स्केल छपरा,



वैभव श्रीवास्तव, जिलाधिकारी, सारण की अध्यक्षता में आज राजस्व समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व संबंधी विभिन्न लंबित मामलों, सरकारी भूमि प्रबंधन तथा विभागीय समन्वय से जुड़े विषयों की विस्तृत समीक्षा की गई। **न्यायालयी वादों में समय पर तथ्य विवरणी दाखिल करने का निर्देश:** बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अंचलों से संबंधित न्यायालय में संचालित सभी वादों में ससमय तथ्य विवरणी (फैक्ट रिपोर्ट) दाखिल की जाए, ताकि मामलों के निष्पादन में अनावश्यक विलंब न हो और राजस्व मामलों का निपटारा तेजी से हो सके। **लैंड बैंक को अद्यतन करने पर जोर:** जिलाधिकारी ने सभी अंचलों में उपलब्ध सरकारी भूमि के लैंड बैंक को अद्यतन (अपडेट) करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए प्राथमिकता के आधार पर बड़े भूखंडों की पहचान की जाए, जिससे भविष्य की विकास परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित हो सके। **बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति** इस बैठक में अपर समाहर्त्ता, राजस्व शाखा प्रभारी, सभी भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं सभी अंचलाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

**विभागीय पत्रों के अनुपालन में तेजी लाने का निर्देश:** बैठक में जिला राजस्व शाखा को निर्देश दिया गया कि विभिन्न विभागों से प्राप्त पत्रों में दिए गए आदेशों के अनुपालन के लिए संबंधित अंचलों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए। सभी स्तरों पर समन्वय बनाकर कार्यों को गति देने पर बल दिया गया।

**परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश:** जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों की परियोजनाओं के तहत भवन एवं अन्य संरचनाओं के निर्माण के लिए अधियाचित भूमि का प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाए, ताकि विकास कार्यों में बाधा न आए।

# मोतिहारी पुलिस का अवैध आर्केस्ट्रा संचालन पर प्रहार,16 नाबालिग बच्चियों का किया गया रेस्क्यू



**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। जिला पुलिस ने मानव तस्करी और देह व्यापार से जुड़े गिरोहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 16 नाबालिग बच्चियों को रेस्क्यू किया है। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर चलाए गए 'ऑपरेशन नया सवेरा 2.0' के तहत यह कार्रवाई की गई, जिसमें आर्केस्ट्रा संचालन की आड़ में चल रहे अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग और एडीजी (कमजोर वर्ग) डॉ. अमित जैन के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने जिले के ढाका, चिरैया, पताही और पचपकड़ी थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। इस अभियान का नेतृत्व पकड़ीदयाल एसडीपीओ कुमार चंदन और एएचटीयू प्रभारी सर्वेन्द्र कुमार सिन्हा ने किया। छापेमारी के दौरान सबसे अधिक 12 बच्चियों को पताही क्षेत्र से मुक्त कराया गया, जबकि पचपकड़ी और ढाका से 2-2 किशोरियों को सुरक्षित निकाला गया। इस दौरान पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनमें प्रेम कुमार, विकेश, नवीन साह, राजू तिवारी, राज कुमार और कोलकाता निवासी मनु खान शामिल हैं। पुलिस अब गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल फोन और दस्तावेजों की जांच कर गिरोह के नेटवर्क और अन्य कड़ियों का पता लगाने में जुटी है। इस कार्रवाई में दिल्ली की मुक्ति फाउंडेशन, रेस्क्यू फाउंडेशन और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने भी सहयोग किया। रेस्क्यू की गई सभी बच्चियों की काउंसलिंग कराई जा रही है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उनके पुनर्वास के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।

# मोतिहारी में ताइक्वांडो एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र हेतु चयन ट्रायल सम्पन्न



**पूर्वी चंपारण (मोतिहारी)।** को खेल भवन, पूर्वी चंपारण में ताइक्वांडो एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र के लिए 12 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित किया गया। इस चयन प्रक्रिया में जिले के लगभग 40 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस चयन ट्रायल का सफल संचालन बिहार राज्य खेल प्राधिकरण द्वारा प्रतिनियुक्त प्रशिक्षक के माध्यम से किया गया। चयन प्रक्रिया में खिलाड़ियों के तकनीकी कौशल, फिटनेस एवं खेल प्रदर्शन का आकलन किया गया। ट्रायल के उपरांत चयनित खिलाड़ियों की सूची तैयार कर बिहार राज्य खेल प्राधिकरण को जिला खेल कार्यालय द्वारा भेजी जाएगी। जिला खेल पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को राज्य सरकार के खेल विभाग एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना द्वारा संचालित एकलव्य राज्य आवासीय ताइक्वांडो प्रशिक्षण केंद्र में पठन-पाठन के साथ-साथ खेल प्रशिक्षण, भोजन एवं आवासन की समुचित सुविधा प्रदान की जाएगी। इससे खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलेगा और वे भविष्य में जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र एवं देश का नाम रोशन कर सकेंगे। इस अवसर पर राजन कुमार, सर्वोत्तम रंजन एवं रमेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# सारण में तरबूज और नमक की बोरियों से निकली शराब

**सारण,** (हि.स.)। शराबबंदी को चुनौती देते हुए शराब तस्करों ने अब तस्करी के ऐसे तरीके अपना लिए हैं कि सुनकर पुलिस के भी होश उड़ गए हैं। जिले में पुलिस, आरपीएफ और उत्पाद विभाग ने दो अलग-अलग कार्यवाहियों में तस्करी के दो बड़े और चौंकाने वाले तरीके का खुलासा किया। पहली घटना सोनपुर जंक्शन की है जहाँ मद्यनिषेध थाना पुलिस ने रेल मार्ग से हो रही तस्करी को विफल किया। यहाँ तस्करों ने शातिर दिमाग लगाते हुए तरबूज के अंदर का हिस्सा निकालकर उसमें फ्रूटी के टेट्रा पैक में विदेशी शराब छिपा रखी थी। केवल तरबूज ही नहीं, बल्कि फाइल बैग और स्कूटी



के टूलबॉक्स का भी इस्तेमाल शराब छिपाने के लिए किया गया था। पुलिस ने इस दौरान कुल 31 लीटर शराब जब्त की है। दूसरा बड़ा मामला एकमा थाना क्षेत्र के माने ढाला का है। उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उत्तर प्रदेश से नमक की खेप के आड़ में शराब लाई जा रही है। टीम ने घेराबंदी कर एक पिकअप वैन को पकड़ा, जिसमें नमक की बोरियों के नीचे 1560 लीटर अवैध विदेशी शराब और बीयर को कुशलता से छिपाया गया था। इस मामले में पुलिस ने वैशाली जिले के महुआ निवासी सचिन कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपी यूपी से नमक के पैकेटों के बीच शराब की सप्लाई लेकर बिहार आ रहा था। एक्साइज सुपरिंटेंडेंट केशव कुमार झा ने बताया कि तस्कर चाहे जितने भी नए तरीके अपना लें मद्य निषेध विभाग की नजर उन पर बनी रहेगी और सख्त कानूनी कार्रवाई जारी रहेगी।

# सारण में नशा मुक्त अभियान के तहत तीन तस्कर गिरफ्तार

**सारण,** (हि.स.)। जिले को मादक पदार्थों से मुक्त करने के संकल्प के साथ नशा मुक्त सारण अभियान के तहत अवैध शराब के नेटवर्क पर हुई कार्रवाई में तीन तस्कर गिरफ्तार। वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में चलाए गए इस विशेष छापेमारी अभियान में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में कुल 970.18 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। बरामद खेप में 759.18 लीटर विदेशी शराब, 210 लीटर देशी शराब और एक लीटर स्पिरिट शामिल है। इस मामले में पुलिस ने शराब के काले कारोबार में संलिप्त तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है, जिनके विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। शराब की खेप के साथ-साथ पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त वाहनों और अन्य सामग्रियों को भी जप्त किया है, पुलिस ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के खिलाफ यह जीरो टॉलरेंस की नीति जारी रहेगी। आसूचना संकलन को और अधिक सुदृढ़ किया जा रहा है ताकि भविष्य में भी ऐसे अपराधियों पर नकेल कसी जा सके।

# जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर भारी भूस्खलन, दोनों तरफ का रास्ता बंद



**नई दिल्ली,** (हि.स.)जम्मू को श्रीनगर से जोड़ने वाला प्रमुख जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग-44 रविवार तड़के भारी भूस्खलन के कारण पूरी तरह बंद हो गया। करोल ब्रिज और चंदरकोट के बीच अचानक पहाड़ी से बड़े-बड़े पत्थर गिरने और मिट्टी खिसकने से दोनों ओर का मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे यातायात पूरी तरह ठप पड़ गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना सुबह करीब तीन बजे हुई, जब अचानक पहाड़ का एक हिस्सा टूटकर राजमार्ग पर आ गिरा। इस वजह से सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और कई वाहन बीच रास्ते में ही फंस गए। यात्रियों को घंटों तक इंतजार करना पड़ा और उन्हें काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन और संबंधित एजेंसियों की ओर से मलबा हटाने और सड़क को फिर से चालू करने के प्रयास जारी हैं, लेकिन लगातार हो रहे भूस्खलन और बड़े पत्थरों के गिरने से राहत कार्यों में बाधा आ रही है। मौके पर मशीनरी और कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जो मार्ग को साफ करने में जुटे हुए हैं। गौरतलब है कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग लगभग 247 किलोमीटर लंबा है और कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ने वाला सबसे महत्वपूर्ण मार्ग माना जाता है। यह मार्ग जम्मू से शुरू होकर उधमपुर, रामबन (रामसू) और बनिहाल होते हुए श्रीनगर तक जाता है। फिलहाल यात्रियों को वैकल्पिक मार्गों और प्रशासनिक निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है।

## सर्राफा बाजार में मामूली गिरावट, सोना और चांदी की फीकी पड़ी चमक



**नई दिल्ली,** (हि.स.)नई दिल्ली (हि.स.)। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी के दामों में शुरुआती कारोबार के दौरान हल्की कमजोरी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार के संकेतों और स्थानीय मांग में नरमी के चलते कीमती धातुओं के भाव में सीमित दबाव बना रहा। हालांकि बाजार में बड़ी गिरावट नहीं देखी गई और अधिकांश स्थानों पर कीमतें लगभग स्थिर स्तर पर बनी रहीं, जिससे निवेशकों और खरीदारों के बीच सतर्कता का माहौल रहा।

**प्रमुख महानगरों में सोने के भाव:** देश की राजधानी नई दिल्ली में 24 कैरेट सोना करीब 1,51,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना लगभग 1,38,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,50,920 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,38,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया। दोनों महानगरों में कीमतों में मामूली अंतर देखा गया, जो स्थानीय कर संरचना और मांग-आपूर्ति के कारण होता है।

**01:** सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सर्राफा बाजार में सोना और चांदी के दामों में हल्की कमजोरी दर्ज की गई।

---------------

**02 :** नई दिल्ली में 24 कैरेट सोना लगभग 1,51,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट करीब 1,38,490 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

---------------

**03 :** अहमदाबाद, लखनऊ, पटना, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में भी सोने के भाव लगभग समान और स्थिर रुख में रहे।

**अन्य शहरों में रुझान और चांदी की स्थिति:** अहमदाबाद, लखनऊ और पटना में भी सोने के भाव लगभग समान स्तर पर बने हुए हैं। दक्षिण भारत के चेन्नई और बेंगलुरु के साथ हैदराबाद और भुवनेश्वर में भी सोने के दामों में हल्की कमजोरी का रुख देखने को मिला। बाजार में फिलहाल बड़े उतार-चढ़ाव की स्थिति नहीं है और कीमतें सीमित दायरे में बनी हुई हैं। चांदी की बात करें तो दिल्ली सर्राफा बाजार में यह करीब 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है, जिसमें मामूली गिरावट दर्ज की गई है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच कच्चे तेल का दाम 115 प्रति बैरल से ऊपर पहुंचा



**नई दिल्ली,** (हि.स.) नई दिल्ली में सोमवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखने को मिली। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका से कीमतें लगातार ऊपर जा रही हैं। ब्रेंट क्रूड वायदा 1.71 डॉलर (1.6 फीसदी) बढ़कर 110.74 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (WTI) क्रूड 115 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर कारोबार करता दिखा। विशेषज्ञों का मानना है कि पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव का सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ रहा है। एचएसबीसी की रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रहती हैं, तो मुद्रास्फीति 6 फीसदी से अधिक जा सकती है, जिससे आम जनता की जेब पर भारी असर पड़ेगा। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के पीछे सप्लाई बाधित होने की आशंका प्रमुख कारण मानी जा रही है, खासकर ईरान और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज़ क्षेत्र में तनाव के चलते। इस मुद्दे पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हालिया बयानबाजी ने भी बाजार में अनिश्चितता बढ़ा दी है।

## कैट ने व्यापार एवं एमएसएमई के लिए वित्त मंत्री से राहत उपायों की घोषणा का किया आग्रह



**नई दिल्ली,** (हि.स.)पश्चिम एशिया संकट के बीच व्यापार और एमएसएमई क्षेत्र पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से राहत उपायों की घोषणा करने की मांग की है। सांसद एवं कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि, आपूर्ति बाधाएं और लागत में बढ़ोतरी से पेट्रोकेमिकल, फार्मास्यूटिकल, टेक्सटाइल, उर्वरक, केमिकल और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे कई उद्योग प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने छोटे व्यापारियों के लिए ऋण, लॉजिस्टिक्स और कच्चे माल की आपूर्ति में आ रही बाधाओं को दूर करने हेतु एक समर्पित टास्क फोर्स के गठन की मांग की। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने कहा कि निर्यातकों को फ्रेट और बीमा लागत बढ़ने, शिपमेंट में देरी और भुगतान संबंधी अनिश्चितताओं जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जिससे उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित होगी। व्यापारी नेताओं ने सरकार से एमएसएमई के लिए ऋण चुकौती में राहत, विशेष क्रेडिट गारंटी योजना, ब्याज सब्सिडी, ईंधन व कच्चे माल की कीमतों पर निगरानी तथा निर्यातकों को फ्रेट व बीमा सहायता और समय पर रिफंड सुनिश्चित करने की अपील की है।

## पश्चिम एशिया से एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस की सोमवार को 30 उड़ानें




**नई दिल्ली,** (हि.स.)पश्चिम एशिया संकट के बीच टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस दोनों मिलकर आज इस क्षेत्र से आने-जाने वाली कुल 30 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानें संचालित करेंगी। वहीं, इंडिगो की चुनिंदा सेवाएं जारी रहेंगी।

एयर इंडिया ने सोमवार को एक्स पर जारी बयान में बताया कि पश्चिम एशिया के लिए एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस समूह मिलकर 06 अप्रैल को पश्चिम एशिया क्षेत्र से आने-जाने वाली कुल 30 निर्धारित और गैर-निर्धारित उड़ानों को संचालित करेगा। एयरलाइन ने बताया कि इन 30 उड़ानों में से 10 उड़ानें संयुक्त अरब अमीरात आने-जाने वाली नॉन-शेड्यूल्ड सेवाएं होंगी; पिछले दिनों की तुलना में एड-हॉक ऑपरेशंस में यह और भी बड़ी गिरावट है। इन उड़ानों का संचालन स्लॉट की उपलब्धता और भारत तथा यूएई के अधिकारियों से मिलने वाली रेगुलेटरी मंजूरी के अधीन होगा।

कंपनी के मुताबिक दुबई, अबू धाबी और शारजाह के लिए एड-हॉक उड़ानों के ज़रिए सेवा जारी रहेगी। एयर इंडिया दिल्ली-दुबई सेवा का संचालन करेगी, जबकि एयर इंडिया एक्सप्रेस मंगलौर को दुबई से जोड़ेगी। अबू धाबी के लिए दिल्ली से एयर इंडिया एक्सप्रेस की सीमित सेवा उपलब्ध होगी, और शारजाह को अमृतसर और कन्नूर से जोड़ा जाएगा।

इसके अलावा ओमान में मस्कट रूट पर तय ऑपरेशन जारी रहेंगे, जिसमें एयर इंडिया एक्सप्रेस दिल्ली, कन्नूर, मुंबई और तिरुवनंतपुरम से उड़ानें संचालित करेगी। सलालाह में सेवाएँ अभी भी निलंबित हैं। वहीं, इंडिगो एयरलाइन भी अपनी चुनिंदा सेवाएं जारी रखेगा, कंपनी ने कहा इस क्षेत्र में बदलती परिस्थितियों के बीच एयरलाइंस अपना परिचालन संभाल रही हैं।

## कोलेस्ट्रॉल की नई गाइडलाइन: जानिए नॉर्मल लेवल, जोखिम और किस उम्र में करानी चाहिए जांच




**नई दिल्ली,** (हि.स.)कोलेस्ट्रॉल को लेकर हाल ही में नई गाइडलाइन जारी की गई है, जिससे दिल की बीमारियों के बढ़ते जोखिम को बेहतर तरीके से समझा जा सकेगा। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी ने स्पष्ट किया है कि अब इलाज केवल मौजूदा स्थिति पर नहीं, बल्कि लंबे समय के जोखिम को ध्यान में रखकर किया जाएगा। नई गाइडलाइन के अनुसार सामान्य व्यक्तियों में LDL कोलेस्ट्रॉल 100 mg/dL से कम होना चाहिए, जबकि जोखिम वाले लोगों में यह 70 से नीचे और अत्यधिक जोखिम या हार्ट अटैक के मरीजों में 55 mg/dL से कम रखने की सलाह दी गई है। विशेषज्ञों ने कहा है कि 9-10 वर्ष की उम्र से भी जांच शुरू की जा सकती है, खासकर जिनके परिवार में हृदय रोग का इतिहास हो।

# राशिफल : 07 अप्रैल, 2026

**मेष-** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष-** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5

**मिथुन-** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। ङ्क्षचतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8

**कर्क-** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8

**सिंह-** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9

**कन्या-** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9

**तुला-** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक-** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7

**धनु-** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8

**मकर-** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्घि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8

**कुंभ-** कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8

**मीन-** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी। शुभांक-3-5-7

# पंचांग : 07 अप्रैल, 2026

07 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र वृश्चिक में
मंगल मीन में
बुध कुंभ में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 06.12 बजे से
वृष 07.52 बजे से
मिथुन 09.50 बजे से
कर्क 12.04 बजे से
सिंह 14.20 बजे से
कन्या 16.32 बजे से
तुला 18.43 बजे से
वृश्चिक 20.57 बजे से
धनु 23.13 बजे से
मकर 01.18 बजे से
कुंभ 03.05 बजे से
मीन 04.38 बजे से
मंगलवार 2026 वर्ष का 97 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु बसंत।

विक्रम संवत् 2083
शक संवत् 1948
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि पंचमी 16.35 बजे को समाप्त।
नक्षत्र ज्येष्ठा अहोरात्र।
योग व्यतीपात 16.17 बजे को समाप्त।
करण तैतिल 16.35 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 18.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 060 45
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872672
जूलियन दिन 2461137.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447

महीना सव्वाल

तारीख 18

विशेष विश्व स्वास्थ्य दिवस।




**01:** राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

---

**02 :** राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शरद पवार सहित कई प्रमुख नेताओं ने शपथ ग्रहण किया।

---

**03 :** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के रामराव वडकुटे और ज्योति वाघमारे भी शपथ लेने वालों में शामिल रहे।

---

**04:** महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से चुने गए सांसदों ने शपथ ग्रहण किया।

---

**05:** तमिलनाडु से डॉ. अंबुमणि रामदास और तिरुची शिवा सहित कई सदस्य शामिल रहे।

# शरद पवार सहित राज्यसभा के 19 नवनिर्वाचित सदस्यों को दिलाई गई शपथ

**मई दिल्ली , (हि.स.)।** नई दिल्ली में सोमवार को संसद भवन के भीतर राज्यसभा के 19 नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई गई। राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने सभी सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर संसद परिसर में औपचारिक माहौल देखने को मिला और विभिन्न राज्यों से आए सांसदों ने अपने-अपने स्थानों का प्रतिनिधित्व करते हुए शपथ ग्रहण किया।

**शरद पवार और प्रमुख नेताओं की उपस्थिति :** शपथ लेने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रवादी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शरद पवार शामिल रहे। उनके साथ केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले, भाजपा के रामराव वडकुटे, माया इवनाते और ज्योति वाघमारे सहित कई अन्य नेताओं ने भी शपथ ग्रहण की। इन नेताओं के शपथ लेने के साथ ही राज्यसभा में नई सदस्यता की औपचारिक शुरुआत हो गई।

**विभिन्न राज्यों से चुने गए सदस्य :** इस शपथ ग्रहण समारोह में महाराष्ट्र, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और ओडिशा से निर्वाचित सदस्य शामिल रहे। महाराष्ट्र से कई प्रमुख नामों में शरद पवार के साथ अन्य प्रतिनिधियों ने भी शपथ ली। तमिलनाडु से डॉ. अंबुमणि रामदास, तिरुची शिवा और अन्य सदस्यों ने शपथ ग्रहण किया। वहीं पश्चिम बंगाल से बाबुल सुप्रियो और ओडिशा से कई सांसदों ने भी राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली।

**संसदीय कार्यवाही में नई ऊर्जा की उम्मीद :** 19 नए सदस्यों के शामिल होने से राज्यसभा की कार्यप्रणाली में नई ऊर्जा और दृष्टिकोण जुड़ने की उम्मीद जताई जा रही है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधित्व के चलते सदन में बहस और नीति निर्माण की प्रक्रिया और अधिक व्यापक एवं संतुलित होने की संभावना है। शपथ ग्रहण के साथ ही इन सदस्यों का संसदीय दायित्व औपचारिक रूप से शुरू हो गया, जिससे आगामी सत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी देखने को मिलेगी।

# एनएसजी भारत का अभेद्य कवच, इनकी वजह से हम हर हाल में सुरक्षित : मोहन यादव

**भोपाल,** (हि.स.)। भोपाल स्थित लाल परेड मैदान में आयोजित एनएसजी शो एवं समग्र क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने एनएसजी के जवानों की पेशेवर क्षमता, अनुशासन और तकनीकी दक्षता की प्रशंसा की और इसे देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत आधार बताया।

**प्रशिक्षण और आधुनिक सुरक्षा व्यवस्था :** कार्यक्रम के दौरान एनएसजी ने मॉक टेररिस्ट अटैक का सजीव प्रदर्शन



**आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत अब हर चुनौती का कड़ा जवाब देने में सक्षम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अतिवादी ताकतों से सख्ती से निपटना जरूरी है और देश की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा।

किया। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा और एनएसजी महानिदेशक बी. श्रीनिवासन ने बताया कि यह संयुक्त प्रशिक्षण 7 अप्रैल से 4 मई 2026 तक चलेगा, जिसमें जवानों को काउंटर टेररिज्म सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**01:** मुख्यमंत्री ने एनएसजी को देश की आंतरिक सुरक्षा का मजबूत कवच बताया।

---

**02 :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा क्षमता को और सशक्त बताया गया।

**सुरक्षा बलों का आधुनिकीकरण :** मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार एटीएस और सीटीजी को मजबूत करने के लिए 200 करोड़ रुपये की योजना पर काम कर रही है। साथ ही अत्याधुनिक प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना भी की जाएगी, जिससे सुरक्षा बलों की क्षमता और अधिक सुदृढ़ होगी।

# देश के पहले वस्त्र पुनर्प्राप्ति केंद्र ने अबतक 30 मीट्रिक टन अपशिष्ट को किया एकत्र

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। नई दिल्ली से जुड़ी इस पहल के तहत नवी मुंबई के बेलापुर में स्थापित देश के पहले वस्त्र पुनर्प्राप्ति केंद्र (टीआरएफ) ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इस परियोजना को स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत विकसित किया गया है और इसका संचालन नवी मुंबई नगर निगम द्वारा किया जा रहा है।

**महिलाओं को रोजगार और प्रशिक्षण:** इस पहल के माध्यम से 300 से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण देकर रोजगार दिया गया है। वर्तमान में लगभग




150 महिलाएं सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं और प्रति माह 9,000 से 15,000 रुपये तक आय अर्जित कर रही हैं।

**तकनीक और संग्रह व्यवस्था** नगर निगम ने सभी 8 वार्डों में सोसाइटियों में 140 वस्त्र संग्रह डिब्बे लगाए हैं, जिनकी संख्या 250 तक बढ़ाने का लक्ष्य है। 'कोशा' हैंडहेल्ड स्कैनर से फाइबर की पहचान कर कपड़ों को श्रेणियों में विभाजित किया जाता है।

**जनभागीदारी और भविष्य की योजना:** इस पहल से 1,14,575 परिवार जुड़े हैं और 75 से अधिक जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित हुई हैं। नगर निगम अब कोपारखैराने में एक स्थायी और उच्च क्षमता वाली वस्त्र पुनर्प्राप्ति सुविधा स्थापित करने की योजना पर कार्य कर रहा है।

**वस्त्र अपशिष्ट प्रबंधन में प्रगति**

टीआरएफ ने अब तक 30 मीट्रिक टन वस्त्र अपशिष्ट एकत्र कर 25.5 मीट्रिक टन की वैज्ञानिक छंटाई की है। प्रतिदिन औसतन 500 वस्त्रों के प्रसंस्करण के साथ करीब 41,000 कपड़ों को पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण के लिए तैयार किया गया है।

## झारखंड के सारंडा के जंगल में आईईडी ब्लास्ट, कोबरा 205 बटालियन का जवान घायल



**पश्चिमी सिंहभूम,** (हि.स.)। झारखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सुरक्षा बलों को एक बार फिर आईईडी विस्फोट का सामना करना पड़ा। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान हुए विस्फोट में कोबरा 205 बटालियन के जवान अनुज कुमार घायल हो गए। हालांकि उनकी स्थिति गंभीर नहीं है और उन्हें मामूली चोटें आई हैं। साथी जवानों ने तत्काल प्राथमिक उपचार देकर उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, बालिबा गांव के समीप चडरा डेरा क्षेत्र में सुरक्षा बल नियमित तलाशी अभियान चला रहे थे। इसी दौरान अचानक आईईडी में विस्फोट हो गया, जिसकी चपेट में आने से जवान घायल हुए। घटना के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए झारखंड की राजधानी रांची भेजने की तैयारी की गई, जहां उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा। इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों द्वारा इस तरह की घटनाएं पहले भी की जाती रही हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल लगातार नक्सल विरोधी अभियान चला रहे हैं और आने वाले समय में इसे और तेज किया जाएगा। घटना के बाद पूरे इलाके में सर्च और कॉम्बिंग ऑपरेशन बढ़ा दिया गया है। कोबरा 205 बटालियन के जवानों के साथ अन्य सुरक्षा बल भी क्षेत्र में सक्रिय हैं। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि किसी भी परिस्थिति में नक्सलियों को बख्शा नहीं जाएगा और क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा बहाल करने के लिए लगातार प्रयास जारी हैं। झारखंड का सारंडा क्षेत्र लंबे समय से नक्सली गतिविधियों के लिए संवेदनशील माना जाता रहा है।

# जग्गी हत्याकांड में हाई कोर्ट का फैसला : अमित जोगी को उम्रकैद, कोर्ट ने कहा-सभी आरोपितों के लिए एक समान न्याय जरूरी

**बिलासपुर** (हि.स.)।बिलासपुर में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने बहुचर्चित रामावतार जग्गी हत्याकांड में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र अमित जोगी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 1,000 रुपये का



जुर्माना भी लगाया है, जिसे अदा न करने पर अतिरिक्त छह महीने की सजा भुगतनी होगी।

यह मामला वर्ष 2003 का है, जब रायपुर में एनसीपी नेता रामावतार जग्गी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। लंबे समय तक चली कानूनी लड़ाई के बाद उच्च न्यायालय की स्पेशल डिवीजन बेंच ने भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 120-बी के तहत अमित जोगी को दोषी ठहराया। अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा कि समान अपराध और समान साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के साथ अलग-अलग व्यवहार न्यायसंगत नहीं है।

इससे पहले निचली अदालत ने अमित जोगी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया था, जिसके खिलाफ पीड़ित पक्ष के सतीश जग्गी ने अपील की थी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर पुनः सुनवाई के बाद उच्च न्यायालय ने यह फैसला सुनाया, जिसे मामले में न्याय की दिशा में अहम माना जा रहा है।

## महाराष्ट्र की उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने बारामती विधान सभा उपचुनाव के लिए भरा नामांकन

**मुंबई,**(हि.स.)। मुंबई में सोमवार को बारामती विधानसभा उपचुनाव के लिए उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, भाजपा नेता व राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले और एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। नामांकन के दौरान माहौल भावुक रहा।

**भावुक संबोधन और विकास का संकल्प:** सुनेत्रा पवार ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें उपचुनाव लड़ना पड़ेगा। उन्होंने दिवंगत अजीत पवार का जिक्र करते हुए कहा कि अजीत पवार



का बारामती से गहरा जुड़ाव रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि बारामती का सम्मान और विकास लगातार जारी रहेगा और यह चुनाव उनके लिए श्रद्धांजलि जैसा है।

**राहुरी सीट पर भी नामांकन और निर्विरोध प्रयास :** इसी दिन राहुरी विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार अक्षय शिवाजीराव कर्डिले ने भी नामांकन दाखिल किया। यह सीट पूर्व विधायक के निधन से खाली हुई थी। प्रशासन और सत्तारूढ़ गठबंधन बारामती व राहुरी दोनों सीटों पर निर्विरोध चुनाव कराने का प्रयास कर रहे हैं, ताकि राजनीतिक सहमति बनाई जा सके।

## इंदौर में बारातियों की कार और ट्रक में टक्कर, चार युवकों की मौत

**इंदौर,**(हि.स.)। इंदौर के देवगुराड़िया मार्ग पर रविवार देर रात दुल्हन लेकर लौट रही बारातियों से भरी कार को पीछे से आ रहे ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। यह हादसा ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास करीब ढाई बजे हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही अफरा-तफरी मच गई।

**मृतकों और घायलों की स्थिति:** कार में सवार 11 लोगों में से इरफान (24), आरिस (20) और फरहान (19) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरफाद (23) ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। हादसे में पांच अन्य



लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज एमवाय अस्पताल में जारी है।

**स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया और हंगामा:** घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत राहत कार्य शुरू कर घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, गुस्साए परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क पर चक्काजाम कर विरोध जताया। कुछ लोगों ने ट्रक में आग लगाने की कोशिश भी की, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई

**पुलिस की कार्रवाई और जांच**

सूचना मिलते ही खुड़ैल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। एएसपी ने बताया कि ट्रक चालक से पूछताछ की जा रही है और पूरे मामले की विस्तृत जांच जारी है। यातायात बहाल कर दिया गया है।

# होर्मुज खोलने की समय सीमा ठुकराने के बाद अमेरिका-इजराइल का ईरान पर ताबड़तोड़ हमला, 34 की मौत




**तेहरान/तेल अवीव/वाशिंगटन,** (हि.स.)। पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को खोलने की समय सीमा ठुकराए जाने के बाद अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त रूप से ताबड़तोड़ सैन्य कार्रवाई की है। इस हमले में अब तक 34 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी इजराइल और खाड़ी क्षेत्र के कई देशों पर मिसाइल और ड्रोन हमले किए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।

**संयुक्त सैन्य अभियान और बढ़ता टकराव:** रिपोर्टों के अनुसार, 28 फरवरी से शुरू हुआ अमेरिका-इजराइल का संयुक्त सैन्य अभियान अब व्यापक संघर्ष का रूप ले चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि यदि ईरान निर्धारित समय तक होर्मुज जलमार्ग नहीं खोलता है, तो उसके बिजली संयंत्रों और रणनीतिक ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। ईरान ने इस चेतावनी को सिरे से खारिज करते हुए कड़ा जवाब देने की बात कही है।

**तेहरान में रातभर धमाके, अहम ठिकाने निशाने पर:** तेहरान में रातभर लगातार धमाकों की आवाजें सुनाई देती रहीं। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, शहर में कई स्थानों पर हवाई हमले किए गए, जिनमें शरीफ यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी परिसर भी शामिल है। हमलों के दौरान लड़ाकू विमानों की गड़गड़ाहट और विस्फोटों से दहशत का माहौल बना रहा।

**अन्य देशों पर भी असर, कई जगह हमले:** बहरीन में एक तेल सुविधा को निशाना बनाया गया।

इराक के सुलेमानिया और कुर्द क्षेत्रों में ड्रोन हमले हुए।

लेबनान के दक्षिणी हिस्से में इजराइली बमबारी में चार लोगों की मौत हुई।

सऊदी अरब ने दो ड्रोन नष्ट करने का दावा किया है।

टेलीकॉम और ऊर्जा ढांचे पर भी हमले

ईरान ने यूएई डीयू टेलीकॉम कंपनी की एक इमारत पर ड्रोन हमला किया। हालांकि इस हमले में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं खाड़ी क्षेत्र में तेल, बिजली और संचार से जुड़े ढांचों को भी निशाना बनाया जा रहा है, जिससे आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

**ईरान में मौत और नुकसान का आंकड़ा बढ़ा:** ईरान के विभिन्न शहरों—करज, शिराज, इस्फहान, बुशेहर और बंदर-ए-लंगेह—में हुए हमलों में कई लोगों की मौत हुई है। राजधानी तेहरान के बाहरी क्षेत्रों में भी भारी नुकसान की खबर है। कुल मिलाकर अब तक 34 लोगों की मौत की पुष्टि की गई है, जबकि दर्जनों घायल बताए जा रहे हैं।

**स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर तनाव और वैश्विक चिंता:** स्ट्रेट ऑफ होर्मुज दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक है। इस जलमार्ग पर किसी भी तरह की बाधा वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित कर सकती है। ईरान ने इस मार्ग पर अपनी पकड़ बनाए रखने का संकेत दिया है, जबकि अमेरिका और उसके सहयोगी इसे खोलने के लिए दबाव बना रहे हैं।

अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ता यह संघर्ष अब क्षेत्रीय सीमाओं से निकलकर व्यापक संकट का रूप लेता दिख रहा है। लगातार हमलों, जवाबी कार्रवाइयों और रणनीतिक ठिकानों पर निशाना साधने की घटनाओं ने पश्चिम एशिया में हालात बेहद संवेदनशील बना दिए हैं। अंतरराष्ट्रीय समुदाय इस टकराव को रोकने और कूटनीतिक समाधान तलाशने की अपील कर रहा है।

**इजराइल के हाइफा और बीरशेबा में ईरानी हमले**
ईरान की ओर से जवाबी कार्रवाई में हाइफा और बीरशेबा में मिसाइलें दागी गईं। हाइफा में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाए जाने के बाद मलबे से दो शव बरामद हुए हैं, जबकि दो लोगों की तलाश जारी है। बीरशेबा में मिसाइल हमले के चलते सायरन बज उठे और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए।

**खाड़ी देशों में अलर्ट, हवाई सुरक्षा तंत्र सक्रिय:** ईरान की गतिविधियों को देखते हुए कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात ने अपने हवाई सुरक्षा तंत्र को सक्रिय कर दिया है। इन देशों ने मिसाइलों और ड्रोन हमलों को रोकने के लिए निगरानी बढ़ा दी है। इसी दौरान सऊदी अरब ने भी ड्रोन हमलों को विफल करने का दावा किया है।

## पश्चिम एशिया युद्ध को रोकने की शक्ति सिर्फ भारत, रूस, चीन के पास : अमेरिकी अर्थशास्त्री




**मास्को,** (हि.स.)। अमेरिकी अर्थशास्त्री एवं जेफरी सैस ने कहा है कि ईरान को लेकर बढ़ते तनाव को नियंत्रित करने की क्षमता केवल तीन वैश्विक नेताओं—भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन—के पास है। उन्होंने यह बात रूस टुडे के कार्यक्रम 'न्यू ऑर्डर' में कही।

**तीन नेताओं की भूमिका पर जोर:** सैस के अनुसार, यदि इन तीन शक्तियों ने मिलकर हस्तक्षेप नहीं किया तो पश्चिम एशिया का संकट वैश्विक अस्थिरता का रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि इन देशों के नेताओं को मिलकर अमेरिकी नेतृत्व को स्थिति की गंभीरता समझानी चाहिए।

**ब्रिक्स को बताया निर्णायक मंच**
उन्होंने ब्रिक्स (भारत, चीन, रूस, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका) को एक ऐसा मंच बताया जो इस संकट को सुलझाने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। सैस ने कहा कि भारत जैसे देशों को अपनी कूटनीतिक क्षमता का उपयोग करते हुए संतुलित रुख अपनाना चाहिए।

**अमेरिका और पश्चिमी नीति पर टिप्पणी:** सैस ने अमेरिकी नीतियों और विशेष रूप से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की संभावित रणनीतियों पर सवाल उठाए। उन्होंने चेतावनी दी कि ईरान, भारत, चीन और रूस जैसे देशों को मिलकर वैश्विक स्थिरता बनाए रखने की दिशा में काम करना चाहिए।

**मध्यस्थता और भारत की भूमिका:** सैस ने कहा कि पाकिस्तान या अन्य देशों की तुलना में ब्रिक्स देश ही प्रभावी मध्यस्थ बन सकते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंध इसे एक संभावित संतुलनकारी शक्ति बनाते हैं।

## ईरान में अमेरिकी-इज़राइली दुष्प्रचार के आरोप में 235 लोग गिरफ्तार



**तेहरान** (हि.स.)। तेहरान और खुज़ेस्तान प्रांत में ईरानी सुरक्षा बलों द्वारा की गई व्यापक कार्रवाई के बाद सैकड़ों लोगों की गिरफ्तारी की खबर सामने आई है। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने और कथित अस्थिरता फैलाने वाली गतिविधियों पर नियंत्रण के उद्देश्य से उठाया गया है।

**बड़ी संख्या में गिरफ्तारियां**
पश्चिमी तेहरान में लगभग 235 लोगों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। इनमें से 93 लोगों को न्यायालय के आदेश के बाद जेल भेज दिया गया। इससे पहले भी इसी तरह की कार्रवाई में दर्जनों लोगों को हिरासत में लिया गया था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सुरक्षा एजेंसियां इस मामले को गंभीरता से ले रही हैं।

**खुज़ेस्तान में अलग ऑपरेशन**
खुज़ेस्तान प्रांत में भी सुरक्षा बलों ने तकनीकी खुफिया जानकारी के आधार पर 138 लोगों को गिरफ्तार किया। इन पर आरोप है कि ये लोग कथित रूप से विदेशी नेटवर्क्स के संपर्क में थे और देश विरोधी गतिविधियों में शामिल थे। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई गुप्त जांच और निगरानी के बाद की गई।

**आरोप और जांच का दायरा**
गिरफ्तार किए गए लोगों पर आरोप है कि वे दंगे भड़काने, दुष्प्रचार फैलाने और विदेशी मीडिया प्लेटफॉर्म्स को सामग्री उपलब्ध कराने में शामिल थे। जांच एजेंसियां इन सभी मामलों की गहराई से पड़ताल कर रही हैं ताकि किसी संगठित नेटवर्क का पता लगाया जा सके।

**अंतरराष्ट्रीय संदर्भ और तनाव**
इन कार्रवाइयों को संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल के साथ बढ़ते क्षेत्रीय तनाव से भी जोड़कर देखा जा रहा है। ईरान का कहना है कि वह बाहरी हस्तक्षेप और कथित विध्वंसक साजिशों के खिलाफ अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत कर रहा है।

## चीन का 40 दिनों के लिए हवाई क्षेत्र बंद करने का फैसला, बिना स्पष्टीकरण बढ़ी चिंता



**चीन** (हि.स.)। चीन ने अपने समुद्री तट के पास स्थित हवाई क्षेत्र को 40 दिनों के लिए बंद करने का निर्णय लिया है, जिसके पीछे कोई आधिकारिक कारण या स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। यह प्रतिबंध 27 मार्च से शुरू होकर 6 मई तक लागू रहेगा और शंघाई के उत्तर एवं दक्षिण के क्षेत्रों को कवर करता है। अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, यह क्षेत्र येलो सी से लेकर ईस्ट चाइना सी तक फैला हुआ है और इसकी ऊपरी सीमा भी स्पष्ट नहीं की गई है। इसे SFC-UNL नाम दिया गया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन ने इस दौरान किसी सैन्य अभ्यास की घोषणा नहीं की है, जिससे इस कदम को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इतनी लंबी अवधि और बिना किसी स्पष्ट घोषणा के यह निर्णय सामान्य अभ्यास से अलग संकेत देता है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के SeaLight प्रोजेक्ट के निदेशक रे पॉवेल का कहना है कि यह किसी एक बार के सैन्य अभ्यास का नहीं, बल्कि निरंतर सैन्य तैयारी का संकेत हो सकता है। ताइवान के सुरक्षा अधिकारियों ने इसे क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य सक्रियता से जोड़ते हुए कहा है कि यह कदम क्षेत्रीय संतुलन पर असर डाल सकता है। कुछ विश्लेषकों के अनुसार, यह स्थिति भविष्य की संभावित रणनीतिक गतिविधियों से भी जुड़ी हो सकती है, जिसमें हवाई युद्ध अभ्यास शामिल हो सकता है।

## कंबोडिया में फंसे 7 नेपाली नागरिक स्वदेश पहुंचे



**काठमांडू,** (हि.स.)।। कंबोडिया में बिना वीजा के रह रहे 7 नेपाली नागरिकों को बचा लिया गया है। थाईलैंड के बैंकॉक स्थित नेपाली दूतावास ने कंबोडिया सरकार और गैरआवासी नेपाली संघ के सहयोग से आज इन सभी को नेपाल वापस भेजा।

दूतावास के अनुसार, इन नागरिकों को वहां अवैध रूप से संचालित ऑनलाइन स्कैमिंग केंद्रों, कैसीनो आधारित ऑनलाइन ठगी समेत अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में लगाया गया था। दूतावास ने यह भी जानकारी दी है कि अभी भी कुछ नेपाली नागरिक कंबोडिया में फंसे हुए हैं। उनकी पहचान कर उन्हें नेपाल वापस लाने के प्रयास जारी हैं।

दूतावास की विज्ञप्ति में कहा गया है कि नेपाली नागरिकों को ऑनलाइन ठगी जैसे गैरकानूनी कामों में लगाया जा रहा है और वे बिना वीजा या वीजा अवधि से अधिक समय तक वहां रह रहे हैं। दूतावास के अनुसार, स्कैमिंग केंद्रों में काम करने वालों के पासपोर्ट कंपनियों द्वारा जब्त कर लिए जाते हैं या एक केंद्र से दूसरे केंद्र में भेजे जाने के दौरान उनके पासपोर्ट खो जाने की शिकायतें भी सामने आई हैं। नेपाल लौटने के इच्छुक नागरिकों के लिए बैंकॉक स्थित नेपाली दूतावास द्वारा निःशुल्क एकतरफा यात्रा अनुमति पत्र जारी किया जा रहा है। साथ ही दूतावास ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे नेपाल सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुसार श्रम स्वीकृति लेकर ही वैदेशिक रोजगार के लिए जाएं।

## नेपाल में डिप्टी स्पीकर पद के लिए तीन प्रमुख विपक्षी दलों ने दावा ठोंका



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में डिप्टी स्पीकर पद को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। संवैधानिक प्रावधान के अनुसार यह पद स्पीकर से अलग दल और अलग लिंग का होना अनिवार्य है। वर्तमान में स्पीकर पद राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के पास होने के चलते अब डिप्टी स्पीकर को लेकर विपक्षी दलों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी और श्रम संस्कृति पार्टी इस पद के लिए सक्रिय दावेदारी कर रहे हैं। आरएसपी के महासचिव कविंद्र बुरलाकोटी ने बताया कि अभी औपचारिक चर्चा शुरू नहीं हुई है, लेकिन विपक्षी दलों के साथ बातचीत जारी है। अंतिम निर्णय पार्टी अध्यक्ष रवि लामिछाने और प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह के स्तर पर होना है। उधर, पुष्पकमल दाहाल प्रचण्ड ने भी अपने दल के लिए इस पद को हासिल करने की कोशिशें तेज कर दी हैं और आरएसपी नेतृत्व के साथ संपर्क बनाए हुए हैं। विभिन्न दलों की ओर से संभावित उम्मीदवारों के नाम भी सामने आए हैं, लेकिन अभी तक किसी पर अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। राजनीतिक वार्ताओं के जारी रहने से आने वाले दिनों में इस पर स्पष्ट तस्वीर सामने आने की संभावना है।

## भारतीय राजदूत ने नेपाल के विदेश मंत्री से की द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल में भारत के राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को विदेश मंत्री शिशिर खनाल से शिष्टाचार मुलाकात की। सिंहदरबार स्थित विदेश मंत्रालय में हुई इस भेंट के दौरान राजदूत श्रीवास्तव ने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर की ओर से मंत्री खनाल को बधाई और शुभकामना संदेश सौंपा। नई सरकार के गठन के बाद भारत की ओर से उच्च स्तर पर यह एक महत्वपूर्ण मुलाकात मानी जा रही है।

बैठक के दौरान नेपाल और भारत के सदियों पुराने संबंधों को और मजबूत बनाने तथा द्विपक्षीय हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय ने बताया कि विशेष रूप से कनेक्टिविटी, ऊर्जा व्यापार और लंबित विकास परियोजनाओं के विषय में संक्षिप्त बातचीत की गई।

राजदूत श्रीवास्तव ने नेपाल के विकास प्रयासों में भारत के निरंतर सहयोग की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि राजदूत श्रीवास्तव ने मंत्री खनाल को पदभार संभालने पर बधाई देते हुए नेपाल-भारत संबंधों और पारस्परिक सहयोग के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

# बारिश ने छीना रोमांच : आईपीएल में KKR–पंजाब मुकाबला रद्द,

**कोलकाता** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार (6 अप्रैल) को खेला गया मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच ईडन गार्डन्स में खेले जा रहे मैच को खराब मौसम के कारण रद्द करना पड़ा। इससे दोनों टीमों को एक-एक अंक से संतोष करना पड़ा।

**शुरुआत के बाद ही बिगड़ा मौसम**

मैच की शुरुआत तय समय पर हुई और दर्शकों में उत्साह देखने को मिला। हालांकि, खेल महज 3.4 ओवर ही आगे बढ़ पाया था कि अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। ग्राउंड स्टाफ ने मैदान को कवर करने की पूरी कोशिश की, लेकिन लगातार होती बारिश ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**लंबे इंतजार के बाद लिया गया फैसला**

बारिश थमने का इंतजार काफी देर तक किया गया। अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण किया, लेकिन आउटफील्ड गीला रहने के कारण खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अंततः मैच को 'नो रिजल्ट' घोषित कर दिया गया।

**अंक तालिका पर असर**

इस परिणाम के बाद दोनों टीमों को एक-एक अंक मिला। पंजाब किंग्स को इस एक अंक से अंक तालिका में फायदा मिला और टीम ने अपनी स्थिति मजबूत की। वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए यह मुकाबला जीत के लिहाज से अहम था, लेकिन बारिश ने उनकी योजना पर पानी फेर दिया।

**दर्शकों में मायूसी**



ईडन गार्डन्स में बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शक पूरे मैच का आनंद लेने आए थे, लेकिन मौसम ने उनका उत्साह फीका कर दिया। टिकट लेकर पहुंचे फैंस को अधूरा मैच देखकर लौटना पड़ा, जिससे निराशा साफ झलक रही थी।

**मौसम बना चुनौती**

आईपीएल जैसे बड़े टूर्नामेंट में इस तरह के मैच रद्द होना टीमों की रणनीति पर भी असर डालता है। खासकर लीग चरण में हर अंक महत्वपूर्ण होता है, ऐसे में बारिश के कारण मैच रद्द होना आगे के समीकरणों को बदल सकता है।

## वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज : भारत ने 13 पदकों के साथ किया शीर्ष स्थान पर कब्जा

**नई दिल्ली** : (हि.स.)। बैंकॉक में आयोजित हुंडई वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 13 पदक (7 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य) जीतकर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। 22 सदस्यीय भारतीय दल ने रिकर्व, कंपाउंड और डब्ल्यू1 वर्ग में भाग लेते हुए बेहतरीन जज्बा और कौशल का प्रदर्शन किया। कंपाउंड वर्ग में भारत का दबदबा रहा, जहां सभी तीन टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक मिले। महिला टीम में शीतल देवी और पायल नाग ने स्वर्ण जीता, जबकि पुरुष टीम में तोमन कुमार और श्याम सुंदर स्वामी ने सफलता हासिल की। मिश्रित टीम स्पर्धा में शीतल देवी और तोमन



कुमार की जोड़ी ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रिकर्व पुरुष टीम में हरविंदर सिंह और विजय सुंडी ने स्वर्ण जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। अर्जुन मुंडा और वीरेंद्र सचदेवा ने इस उपलब्धि को ऐतिहासिक बताते हुए खिलाड़ियों की सराहना की। यह प्रदर्शन भारत की पैरा तीरंदाजी में बढ़ती ताकत का संकेत है।

## आईपीएल 2026 : ऑरेंज कैप की रेस में समीर रिजवी आगे, पर्पल कैप पर रवि बिश्नोई का कब्जा

**नई दिल्ली** : (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के शुरुआती मुकाबलों के बाद ऑरेंज कैप (सबसे ज्यादा रन बनाने वाले को दिया जाता है) और पर्पल कैप (सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले को दिया जाता है) की रेस दिलचस्प हो गई है। सभी टीमों के दो-दो मैच पूरे हो चुके हैं, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद और चेन्नई सुपर किंग्स ने तीन-तीन मुकाबले खेले हैं।

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा 113 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने



कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 38 गेंदों में 78 रनों की बेहतरीन पारी खेली थी। इसके अलावा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल (111 रन), पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली (108 रन) और कोलकाता नाइट राइडर्स के अंगकृष रघुवंशी (103 रन) भी 100 से अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हैं।

**पर्पल कैप की रेस:** गेंदबाजों की बात करें, तो इस समय चार खिलाड़ी पांच-पांच विकेट लेकर बराबरी पर हैं। इनमें रवि बिश्नोई पर्पल कैप की रेस में आगे हैं। बिश्नोई ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 4 विकेट लेकर राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाई। यह इस सीजन के अब तक के दो 'चार विकेट हॉल' में से एक है। दूसरा प्रदर्शन कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्लेसिंग मुजरबानी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ किया था।

अन्य गेंदबाजों में पंजाब किंग्स के विजयकुमार विशाक, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के जैकब डफी और चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज भी पांच-पांच विकेट लेकर इस रेस में बने हुए हैं।

आईपीएल 2026 के शुरुआती चरण में ही बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिल रही है, जो आगे और रोमांचक होने की उम्मीद है।

**ऑरेंज कैप की दौड़**

रनों की सूची में इस समय दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज समीर रिजवी शीर्ष पर हैं, जिन्होंने शानदार शुरुआत करते हुए 160 रन बना लिए हैं। रिजवी ने दोनों पारियों में लक्ष्य का पीछा करते हुए टीम को जीत दिलाई। उन्होंने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 47 गेंदों में नाबाद 70 रन और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 51 गेंदों में 90 रन की मैच जिताऊ पारियां खेलीं। इन दोनों मुकाबलों में उन्हें 'प्लेयर ऑफ द मैच' भी चुना गया। दूसरे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन हैं, जिन्होंने तीन पारियों में 145 रन बनाए हैं। क्लासेन ने 31, 52 और 62 रनों की पारियां खेलते हुए 147.95 के स्ट्राइक रेट से प्रभावित किया है।

## मोंटे कार्लो मास्टर्स 2026 : कार्लोस अल्काराज क्ले कोर्ट पर वापसी के लिए तैयार, बोले, 'अब मोजे गंदे करने का समय'

**मोंटे कार्लो,** (हि.स.)। दुनिया के नंबर-1 टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज एक बार फिर अपने पसंदीदा क्ले कोर्ट पर लौटने को लेकर उत्साहित हैं। मोंटे कार्लो मास्टर्स 2026 में वे अपने अभियान की शुरुआत करने जा रहे हैं और फ्रेंच ओपन से पहले लय हासिल करने पर उनका विशेष फोकस है।

**फ्रेंच ओपन से पहले तैयारी का अहम चरण:** अल्काराज ने कहा कि क्ले सीजन उनके करियर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है।



उन्होंने पिछले साल फ्रेंच ओपन में जैनिक सिनर को हराकर अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता था। इस बार भी उनकी नजर उसी सफलता को दोहराने पर है और मोंटे कार्लो से लेकर रोम तक के टूर्नामेंट उनकी तैयारी का अहम हिस्सा होंगे।

**क्ले सीजन में पूरा शेड्यूल खेलने की योजना:** 22 वर्षीय अल्काराज ने बताया कि वह इस बार पूरा क्ले सीजन खेलना चाहते हैं। उनका कार्यक्रम मोंटे कार्लो मास्टर्स, बार्सिलोना, मैड्रिड और रोम जैसे बड़े टूर्नामेंटों को शामिल करता है। उनका उद्देश्य फ्रेंच ओपन से पहले अधिक से अधिक मैच प्रैक्टिस हासिल करना है।

**शारीरिक और मानसिक चुनौती पर फोकस:**

अल्काराज ने माना कि क्ले सीजन शारीरिक और मानसिक रूप से काफी चुनौतीपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि लगातार मैचों के बीच अपने शरीर को फिट रखना और सही रिकवरी करना बेहद जरूरी है, खासकर तब जब शेड्यूल काफी व्यस्त हो।

**मोंटे कार्लो में पिछली जीत से मिला आत्मविश्वास:**

अल्काराज ने यह भी याद किया कि पिछले साल मोंटे कार्लो में मिली जीत उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुई थी। इस साल वे उसी आत्मविश्वास के साथ मैदान में उतरेंगे। उनके संभावित पहले मुकाबले में उनका सामना या तो स्टेन वावरिंका या सेबास्टियन बाएज से हो सकता है।

## एफए कप 2026 सेमीफाइनल : मैन सिटी का सामना साउथेम्प्टन से, लीड्स यूनाइटेड से भिड़ेगी चेल्सी



**नई दिल्ली** : (हि.स.)। एफए कप 2025-26 के सेमीफाइनल मुकाबलों का ऐलान हो गया है। पहले सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी का सामना साउथेम्प्टन से होगा, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में चेल्सी की टक्कर लीड्स यूनाइटेड से होगी। ये दोनों मुकाबले 25 और 26 अप्रैल के वीकेंड पर खेले जाएंगे। दोनों सेमीफाइनल मैच वेम्बली स्टेडियम में आयोजित होंगे।

क्वार्टरफाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने लिवरपूल को 4-0 से हराकर शानदार अंदाज में अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं चेल्सी ने लीग वन की टीम पोर्ट वेले को 7-0 से करारी शिकस्त दी। क्वार्टरफाइनल का सबसे बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब साउथेम्प्टन ने आर्सेनल को 2-1 से हराकर सबको चौंका दिया।

वहीं, लीड्स यूनाइटेड ने वेस्ट हैम यूनाइटेड को पेनल्टी शूटआउट में हराकर 39 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई।

**सेमीफाइनल मुकाबलों का शेड्यूल:**

चेल्सी बनाम लीड्स यूनाइटेड — 25 अप्रैल।

साउथेम्प्टन बनाम मैनचेस्टर सिटी — 26 अप्रैल।

## आईपीएल 2026: लखनऊ की जीत पर विवाद, आवेश खान की हरकत से सनराइजर्स नाराज़

**नई दिल्ली** : (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में खेले गए लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मुकाबले के बाद एक विवाद सामने आ गया है, जिसमें लखनऊ के तेज गेंदबाज आवेश खान की एक हरकत चर्चा का विषय बन गई है। यह मामला सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है।

**अंतिम ओवर में हुआ घटनाक्रम**

मैच के अंतिम ओवर में जब ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट की गेंद पर बाउंड्री लगाई, उसी दौरान डगआउट के पास खड़े आवेश खान ने गेंद को बल्ले से मार दिया।



विवाद इस बात पर है कि गेंद उस समय बाउंड्री लाइन पार कर चुकी थी या नहीं।

**पेनल्टी रन और नियमों पर बहस**

सोशल मीडिया पर कई लोगों ने दावा किया कि सनराइजर्स हैदराबाद को पांच पेनल्टी रन मिलने चाहिए थे और नियम 20.1 (डेड बॉल) तथा नियम 41 (अनुचित खेल) लागू होना चाहिए था। हालांकि, क्रिकेट नियम विशेषज्ञों का कहना है कि यह हरकत अनुचित जरूर थी, लेकिन इसे फील्डिंग में बाधा नहीं माना जा सकता।

**अंपायरिंग निर्णय और स्थिति**

मैच की स्थिति उस समय बेहद करीबी थी और लखनऊ को जीत के लिए सिर्फ एक रन चाहिए था। एक अंपायर के अनुसार, बाउंड्री को रद्द करने का कोई आधार नहीं था। इसलिए परिणाम में किसी बदलाव की संभावना नहीं है।

**बीसीसीआई से शिकायत की संभावना:** सूत्रों के मुताबिक, सनराइजर्स हैदराबाद इस पूरे मामले को लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड से शिकायत कर सकती है। टीम पहले भी कुछ अंपायरिंग फैसलों से असंतुष्ट रही है, जिनमें हेनरिक क्लासेन, अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती से जुड़े फैसले शामिल हैं।

## फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026, राउंड 7 : वैशाली की लगातार दूसरी जीत, प्रज्ञानानंद और दिव्या ने खेला ड्रॉ

**नई दिल्ली** : (हि.स.)। फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 के सातवें राउंड में भारतीय खिलाड़ियों ने मिश्रित प्रदर्शन किया। महिला वर्ग में आर वैशाली ने शानदार खेल दिखाते हुए तान झोंगी को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की और अंकतालिका में मजबूत स्थिति बना ली। वहीं पुरुष वर्ग में आर प्रज्ञानानंद को कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।

**दिव्या देशमुख का ड्रॉ और अन्य परिणाम:** भारतीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख को कैटरीना लाग्नो के खिलाफ मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।



दिव्या बेहतर स्थिति में थीं, लेकिन एंडगेम में बढ़त कायम नहीं रख सकीं। अन्य मुकाबलों में अन्ना मुजिचुक और बिबिसारा असाउबायेवा के बीच ड्रॉ रहा, जबकि झू जिनेर और अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना का मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ।

**ओपन वर्ग में प्रतिस्पर्धा तेज**

ओपन वर्ग में फैबियानो कारुआना के खिलाफ प्रज्ञानानंद ने जीत की कोशिश की, लेकिन तीन बार एक जैसी स्थिति बनने के कारण खेल ड्रॉ रहा। वहीं हिकारू नाकामुरा और मैथियास ब्लूबाम के बीच भी ड्रॉ हुआ। अनिश गिरी ने जावोखिर सिंदारोव को रोकते हुए मुकाबला बराबरी पर समाप्त कराया। हालांकि सिंदारोव 6 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। अंत में वेई यी ने आंद्रेई एसिपेंको को हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की।

**वैशाली की रणनीतिक जीत और बढ़त:** वैशाली का मुकाबला शुरुआत में संतुलित रहा, लेकिन मध्य खेल में झोंगी की गलतियों का उन्होंने बेहतरीन फायदा उठाया। 38वीं चाल में सटीक आक्रमण करते हुए उन्होंने बढ़त बनाई और अंततः जीत दर्ज की। इस जीत के साथ वैशाली के 4 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं।